


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,रविवार 10 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-163 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 सितंबर 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112




## राजधानी में बना योग का वर्ल्ड रिकॉर्ड

### 2000 से अधिक योग साधकों ने किया सेतुबंध आसन का प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़



**रायपुर,10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग ने आज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया. राजधानी के इंडोर स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योग्यभास कार्यक्रम में एक साथ 2000 योग साधकों ने सेतुबंध आसन का प्रदर्शन किया, जिसे गोल्डन बुक ऑल वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया. गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड मनीष विश्नोई ने विश्व रिकार्ड की घोषणा करने के साथ छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा को प्रोविज़नल सर्टिफिकेट सौंपा. संख्या की पुष्टि होने के बाद फाइनल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा. छत्तीसगढ़ योग आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत तमाम समाज के पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे. तिरंगा के तीन रंगों के लेयर में श्रंखला बनाई गई थी. आयोजन में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और विधायक कुलदीप जुनेजा उपस्थित रहे.

## स्कॉर्पियो की चपेट में आए दो युवकों की मौत

**सरगुजा,10 सितंबर।** तेज रफ्तार स्कार्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार 2 युवको की मौके पर ही मौत हो गई। उक्त घटना हृद्ध 43 अम्बिकापुर सीतापुर मार्ग में घटित हुई। घटना की सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले में हृद्ध 43 अम्बिकापुर सीतापुर मार्ग में बतौली के मंगारी पेट्रोल पंप के पास एक स्कार्पियो चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को जोरदार ठोकर मार दी। स्कॉर्पियो की भयंकर टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक उछलकर 25 मीटर दूर जा गिरे, जिससे सिर, चेहरे व शरीर के अंदरूनी हिस्सो में गंभीर चोट लगने से दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जशपुर,10 सितंबर।** जिले में बड़ा हादसा हुआ है. जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार और कार को टक्कर मार दी. हादसा इतना भयानक था कि, बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई. वहीं कार के चालक को गंभीर चोट आई है. घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है.

## विश्व शांति की कामना के साथ जी-20 सम्मेलन का समापन

### नवंबर में वर्चुअल सेशन का प्रस्ताव,पीएम ने ब्राजील को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी

**नई दिल्ली,10 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को स्वस्ति अस्तु विश्व- शांति के लिए प्रार्थना - के साथ जी20 शिखर सम्मेलन का समापन किया और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा को जी20 अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। यह देखते हुए कि भारत नवंबर 2023 तक जी-20 अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रखता है, पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन के दौरान चर्चा किए गए मुद्दों की समीक्षा के लिए एक आभासी सत्र का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सभी से आभासी सत्र के दौरान जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा पिछले दो दिनों में, आप सभी बहुत सारे सुझाव लेकर आए और प्रस्ताव रखे। यह हमारा कर्तव्य है कि हमें जो सुझाव मिले हैं उनकी समीक्षा करें ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे गति दी जा सकती है।



मोदी ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि जो सुझाव हमें मिले हैं उनकी एक बार फिर समीक्षा की जाए ताकि उनकी प्रगति को कैसे गति दी जा सके। मेरा प्रस्ताव है कि नवंबर के अंत में हम जी 20 का एक वर्चुअल सत्र आयोजित करें। हम उस वर्चुअल सत्र में इस शिखर सम्मेलन में तय किए गए विषयों की समीक्षा कर सकते हैं...मुझे आशा है कि आप सभी वर्चुअल सत्र में जुड़ेंगे...इससे , मैं जी 20 शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा करता हूं। पीएम मोदी ने ब्राजील को 2024 में उनके देश के आगामी अध्यक्षता के लिए बधाई दी। ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी20 की अध्यक्षता संभालने के बाद पीएम मोदी को ÷जी20 ब्लॉक का कुशलतापूर्वक नेतृत्व करने और इस शिखर सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य के लिए भी बधाई दी। उन्होंने वैश्विक समानता स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया।

जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने 'नयी वैश्विक संरचना' में दुनिया की 'नयी हकीकत' को प्रतिबिंबित करने का आह्वान किया, संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकायों में सुधार की मांग की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 के 'एक भविष्य' सत्र में कहा कि जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी और उसमें 51 देशों को शामिल किया गया था, तब दुनिया अलग थी। अब इस वैश्विक निकाय में सदस्य देशों की संख्या बढ़कर 200 हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा की, संस्कृत के एक श्लोक का संदर्भ देते हुए पूरे विश्व में शांति एवं सौहार्द की प्रार्थना की। वैश्विक निकायों में सुधार की मांग करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन में कहा कि यह प्रकृति का नियम है कि जो वक्त के साथ नहीं बदलते, वे अप्रासंगिक हो जाते हैं।

## हमारी लिस्ट देखकर क्लीन बोल्ड हो जाएगी भाजपा : बैज

**रायपुर,10 सितंबर** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों के चयन को लेकर कहा कि पार्टी मामले में सही समय सही निर्णय लेगी. हम समयानुसार चल रहे है. हमारी लिस्ट देखकर भाजपा क्लीन बोल्ड हो जाएगी.



दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दूसरी लिस्ट भी जारी करने वाली थी, लेकिन बड़े नेताओं के कार्यक्रम को देखकर डरी हुई है. 21 प्रत्याशियों का लिस्ट जारी कर भाजपा फंस गई है. भाजपा के बहुत से कार्यक्रमों में विरोध देखने मिल रही है. कांग्रेस के लिए ऐसी स्थिति नहीं है. कांग्रेस में दावेदारों के बीच अंतर्कलह को लेकर दीपक बैज ने कहा कि दावेदारों में कोई अंतर्कलह नहीं है. कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी है. दावेदारों को आवेदन करने से कहीं रोक नहीं गया. ब्लॉक स्तर से प्रदेश स्तर तक आवेदन आया है. हमारे पास सूची आ गई है, और पैनल भी तैयार है, कहीं अंतर्कलह नहीं है. लेकिन टिकट एक को मिलेगा और सभी को साथ मिलकर प्रत्याशी को जिताने का काम करना है.

भाजपा में कई क्षेत्रों में दावेदारों के बीच हो रहे विरोध को लेकर पीसीसी चीफ ने कहा कि कांग्रेस कहीं भी ऐसी स्थिति से गुजरने वाली नहीं है. दावेदारों को बता दिया गया है. 15 साल सरकार में रहने के बाद भी पूर्व सीएम को 21 प्रत्याशियों के नाम नहीं पता है, और ना ही धरमलाल कौशिक को पता है. इसलिए भाजपा अंतर्विरोध की स्थिति से जूझ रही है. भाजपा के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश की कानून व्यवस्था सवाल खड़े किए जाने पर दीपक बैज ने कहा कि मंदिरहसौद की घटना दुर्भाग्यजनक है. 3 घंटों के अदर कार्रवाई की और आरोपियों को जेल भेज दिया गया. यह कानून व्यवस्था का उदाहरण है. भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए इससे हम लोग सहमत नहीं है. परिवर्तन यात्रा में भाजपा की सुरक्षा व्यवस्था की मांग पर दीपक बैज ने कहा कि हमारी सरकार ने बस्तर के लिए क्या किया, इसे पूरा प्रदेश जानता है. भाजपा के नेताओं से कहना चाहता हूं कि सरकार गंभीर है. उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है, यह आपकी सरकार नहीं कांग्रेस की सरकार है. आप 24 घंटे परिवर्तन यात्रा निकाल सकते हैं, बस्तर में कहीं कोई दिक्कत नहीं है, और डरने की जरूरत नहीं है. झीरम घाटी में हमारी परिवर्तन यात्रा निकाली थी, वह हमारी बस्तर की शहीद धरती है, वहां भाजपा को नमन करना चाहिए.

## हाथी ने ली दो महिलाओं की जान

**कोरबा.** जिले में हाथियों का आतंक जारी है. इस बार एक दंतैल हाथी ने 2 महिला की जान ले ली. साथ ही 2 को गंभीर रूप से घायल कर दिया है. घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास को लोगों ने घायलों को डायल 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया. बता दें कि, कटघोरा वनमण्डल के चोटिया डंप एरिया में हाथियों का उत्पात जारी है. ऐसे में 2 महिलाओं की मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, महिलाएं पुटु लेने गई थी. इसी दौरान दंतैल हांथी ने अपना शिकार बनाया. मृतक और घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं. घटना में ननद-भाभी की मौत हुई है.

## पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी, चाकू, अवैध शराब और गांजा बरामद

### फरार वारंटी के साथ 100 से अधिक गिरफ्तार


**रायपुर,10 सितंबर।** रायपुर पुलिस की 100 सदस्यीय टीम ने तड़के अलग - अलग स्थानों में ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई की है. इस दौरान पुलिस ने अवैध शराब, गांजा, धारदार हथियार जब्त किया और वारंटियों समेत 112 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में कार्रवाई की गई है.

जानकारी के अनुसार, रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देशानुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिले में छापेमार कार्रवाई की गई. कार्रवाई में रायपुर पुलिस के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, थानों का बल और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम सहित 100 सदस्य शामिल थे. पुलिस ने गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों, सहित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की है.



शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में स्थित बीएसयूपी कॉलोनियों, देवराडेरा, नेहरू नगर, गोकुल नगर, कालीबाड़ी, बीरगांव, गाजीनगर, रामनगर, खमतराई बस्ती सहित रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में छापेमारी और चेकिंग कार्रवाई की गई. छापेमार कार्रवाई के दौरान 7 आरोपियों से चाकू जब्त कर संबंधित थानों में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई. वहीं 3 आरोपियों से गांजा जब्त कर नारकोटिक्स एक्ट के 2 प्रकरण और 4 आरोपियों को अवैध रूप से शराब के साथ गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध आबकारी एक्ट के 4 प्रकरण दर्ज कर संबंधित थानों में कार्रवाई की गई.

छापेमारी कार्रवाई के दौरान 20 गिरफ्तारी वारंट, 09 स्थाई वारंट तामिल करने के साथ ही धारा 327 भादवि. के प्रकरण में फरार 01 आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया. गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश सहित अपराधिक तत्व जो लगातार अपराधों में संलिप्त रहते हैं. ऐसे 68 अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई. वहीं बी.एस.यू.पी. कालोनियों में निवासरत व्यक्तियों और किरायेदारों का सत्यापन करने के साथ ही बाहर से आए बाहरी व्यक्तियों का भी सत्यापन कर पूछताछ की गई.




## एक नजर

### अधिवक्ता से एक लाख 23 हजार 990 रुपये की ठगी

**भिलाई 10 सितंबर।** साइबर ठगी करने वाले एक शातिर ने खुद को एंटी करप्शन के न्यायालय का मोहर्रिर बताकर एक अधिवक्ता से एक लाख 23 हजार 990 रुपये की ठगी कर ली आरोपित ने अधिवक्ता से कहा कि उसके यूपीआइ पर रुपये ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं इसलिए वह उनके यूपीआइ पर रुपये ट्रांसफर करवा रहा है रुपये ट्रांसफर करवाने की बात में उलझाए हुए आरोपित ने अधिवक्ता से अपने नंबर पर रुपये ट्रांसफर करवा लिए अधिवक्ता ने मोहन नगर थाना में शिकायत की पुलिस ने बताया कि अज्ञात आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी कर जांच शुरू की है मोहन नगर टीआई विजय यादव ने बताया कि तितुरडीह हनुमान नगर दुर्ग निवासी शिकायतकर्ता बलराम सिंह जिला न्यायालय दुर्ग में अधिवक्ता है छह सितंबर को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एक फोन आया था आरोपित ने कहा कि वह एंटी करप्शन के न्यायालय में मोहर्रिर है और उनको और सभी अधिवक्ताओं को जानता है। आरोपित ने अधिवक्ता से मदद मांगी और कहा कि उसने कुछ रुपये मंगाए लेकिन उसके यूपीआइ में ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है, इसलिए उसने कहा कि वह अपने यूपीआइ में रुपये लेकर उसके बताए खाते में ट्रांसफर कर दे। आरोपित के बार-बार बोलने पर अधिवक्ता इसके लिए तैयार हो गया, लेकिन जैसा आरोपित ने कहा था वैसे कोई भी रुपये उसके यूपीआइ में नहीं आए इस पर आरोपित ने कहा कि रुपये यूपीआइ वालेट में है आरोपित ने जरूरी काम होने की बात कहते कहा कि वालेट से जल्द ही रुपये खाते में शिफ्ट हो जाएंगे तब तक वह अपने पास से रुपये भेज दे आरोपित के झांसे में आकर अधिवक्ता बलराम सिंह ने छह बार में आरोपित के बताए खाता नंबर पर कुल एक लाख 23 हजार 990 रुपये ट्रांसफर कर दिए रुपये भेजने के बाद भी जब अधिवक्ता के खाते में रुपये नहीं क्रेडिट हुए तो उसने पुलिस से शिकायत की।

### अच्छी बारिश किसानों के लिए फायदेमंदः नीलकंठ साहू



**कवर्धा 10 सितंबर।** कबीरधाम जिले में सुबह से ही गांवो में तेज बारिश हुई । कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू ने अच्छी बारिश पर कहा की किसानों के लिए फायदेमंद है और धान की अच्छी फसल होगी ।

### पंडरिया में ग्यारह सितंबर को संकल्प शिविर




**कवर्धा 10 सितंबर।** पंडरिया में स्वामी आत्मानंद स्कूल में ग्यारह सितंबर को संकल्प शिविर में सीएम भूपेश बघेल , डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्य कर्ताओं में भारी उत्साह दिख रहा है । चौक चौराहे बैनर बोर्ड से सज गए है । पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर ने सीएम , डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर कहा की छत्तीसगढ़ राज्य और कबीरधाम जिला के साथ साथ पंडरिया विधान सभा में गांवों और शहरों में सीएम ने विकास की सौगात साढ़े चार सालो में जो दी है उससे पंडरिया विधानसभा में चहुमुखी विकास की तस्वीर दिख रही है और कार्यकर्ताओ में भी जोश और उत्साह बहुत है । छत्तीसगढ़ में 75 प्लस जीतेंगे और भाजपा फिर से विपक्ष में बैठेगी । विपक्ष के आंदोलन पर विधायक ममता ने कहा की सिर्फ बीजेपी चुनावी स्टंट कर रही है । जनता ने तय कर लिया है की कवर्धा और पंडरिया में बीजेपी को फिर से हराना है ।

### लोहे की सरिया चोरी करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई 10 सितंबर।** सेक्टर-चार में गिरी पानी टंकी से लोहे की सरिया चोरी कर रहे दो बदमाशों को भट्ठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित एक वाहन में सरिया लोड कर रहे थे इसी दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया आरोपितों के पास से करीब 300 किलो -सरिया और घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया है पुलिस ने उनके खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई की है भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि सर्वेंट क्वार्टर सेक्टर-पांच निवासी अजय नायक (23) और कर्मा विद्यालय के पीछे पांच रास्ता सुपेला निवासी टेमसिंह साहू (22) को सरिया चोरी करते हुए गिरफ्तार किया गया भट्ठी टीआई ने बताया कि पांच सितंबर को पानी टंकी ढह गई थी जिसे डिसमेंटल कर उसके सरिया को निकालकर पास में ही रखा जा रहा है देर रात को दोनों आरोपित एक वाहन लेकर वहां पहुंचे थे और सरिया को वाहन में लोड कर रहे थे इसी दौरान गश्त पर निकली पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया आरोपितों ने करीब 300 किलो सरिया को वाहन में लोड कर लिया था जिसे बरामद किया गया है। आरोपितों से जब्त सरिया और वाहन की कीमत करीब एक लाख रुपये आकी गई है।

# प्लेट मिल उत्पादन में सहयोग के लिए की गई महिला ठेका श्रमिकों की सराहना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 10 सितम्बर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-3 में प्लेट मिल के सभागार में शनिवार को मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे के मुख्य आतिथ्य में महिला ठेका श्रमिकों के लिए नई चेतना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस के वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर के बिसारे ने प्लेट मिल के उत्पादन में सभी महिला ठेका श्रमिकों के योगदान को रेखांकित किया तथा उन्हें इसी भावना के साथ आगे भी कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे महिला श्रमिकों की दोहरी जवाबदारी होती है। एक तो अपने घरों की जवाबदारी एवं कार्य स्थल की जवाबदारी। आप लोगों के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी देने के लिए यह कार्यशाला आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक जे सुधाकर, महाप्रबंधक एच के बहुरूपी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में कंसल्टेंट (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं) सुश्री शुभश्री प्रशांत द्वारा महिला श्रमिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कार्यस्थल में यौन उत्पीडन से संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। राजेश मौर्या ने महिला श्रमिकों को मिलने वाले न्यूनतम वेतन, बोनस, पी एफ, ई एस आई सी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिए चलाये जा रहे छात्रवृति योजना की जानकारी दी। विभागीय सुरक्षा अधिकारी डी सारंगी ने सुरक्षा एवं उत्पादन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्मिक अधिकारी विजय कुमार द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व (एस ए-8000) के विभिन्न 9 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। संचालन कार्मिक अधिकारी विजय कुमार तथा महाप्रबंधक भास्कर रॉय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी सुखचंद, रूहेल सिंह, श्यामल बेनर्जी, श्रीमती नीता सरवरे, श्रीमती हरप्रिया, श्रीमती प्रेमलता, सरस्वती, के वेंकटेश्वरलू सहित कुल 29 महिला ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

# उद्यमिता जागृति कार्यक्रम में 50 महिलाओं ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एन.सी.डब्ल्यू), भारत सरकार के तत्वाधान में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ई.डी.आई.आई.) अहमदाबाद द्वारा एक दिवसीय निशुल्क उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम 08 सितंबर 2023 को इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया द्व इसमें 50 महिला उम्मीदवारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में हरीश सक्सेना, मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग, ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न शासकीय योजना, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सिपी दूबे(प्रतिष्ठित उद्यमी) ने सफल महिला उद्यमी के गुण एवं डॉ. कैलाश शर्मा, प्रभारी प्राचार्य उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर संबोधित किया । रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री दीपक पटेल, संचालक बैंक ऑफ बड़ौदा आर.सेटी. ने उद्यमशीलता एवं सफल उद्यमी के गुण श्री अतुल सिंह, संचालक जन शिक्षण संस्थान रायपुर, ने महिलाओं के




लिए उभरते व्यावसायिक अवसर महिला उद्यम की प्रमुख चुनौतियां और उनके उपाय तथा सौरभ गांधी प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया सुपेला शाखा ने वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग मुद्दे और स्टैंड अप इंडिया के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ई.डी.आई.आई.) अहमदाबाद के रायपुर शाखा के आजीविका विशेषज्ञ शीबा रॉबर्ट्स, गुणेश्वरी साहू, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दिनेश सोनी सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य संकाय) एवं विभागाध्यक्ष प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल, इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, वैशाली नगर, अमृतेष शुक्ला (सहायक प्राध्यापक), अजय कुमार मनहर (सहायक प्राध्यापक) तथा अविनाश शर्मा बैंक ऑफ इंडिया सुपेला शाखा से उपस्थित रहे।

# निगम क्षेत्र के गौठान व पशुआश्रय स्थल में की जा रही एनीमल टैगिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** नगर पालिक निगम भिलाई के शहरी गौठान कोसा नगर तथा पशु आश्रय स्थल में रखे घुमन्तु मवेशियों का पशुधन पालन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चल रहे रोका छेका संकल्प अभियान के तहत निगम के राजस्व अमले द्वारा सड़क तथा चौक चौराहों से पकड़कर गौठान में रखे गये 891 गाय, बैल एवं सांड का पशुधन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है, शनिवार को शहरी गौठान कोसा नगर में रखे गये 416 गाय में से 100 का तथा डी-मार्ट के पास बनाये गये पशु आश्रय स्थल में रखे 475 सांड तथा बैल में से 100 पशुओं का टेगिंग किया गया है। आपको बता दे कि गत दिवस निगम सभागार में पशुपालकों की आयोजित बैठक में आयुक्त व्यास ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये थे कि भिलाई निगम क्षेत्र के सभी मवेशियों का एनिमल टैगिंग किया जाना है, जिसकी शुरुआत गौठान में रखे पशुओं से किया गया है। इसके पश्चात पशुपालन विभाग निगम क्षेत्र के सभी खटालों में पहुँच कर मवेशियों का टेगिंग निःशुल्क करेगा।



### जल आपूर्ति को सामान्य बनाने सतत प्रयास जारी

**भिलाई, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा सेक्टर-4 के ध्वस्त पानी टंकी के मलबे की सफाई का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। आज भी मलबे की सफाई जारी रही। आशा की जा रही है कि आगामी दो दिन में सारा मलबा हटा दिया जाएगा। इसके साथ ही संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा प्रभावित सेक्टर क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या को भी हल करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक प्रभावित सेक्टर-1, 2 और 5 की जल आपूर्ति को सामान्य कर लिया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इन सेक्टरों की पाइप लाईन को मुख्य पाइप लाइन से जोड़ कर पानी की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही प्रभावित सेक्टरों में पानी के टैंकरों से भी आपूर्ति की जा रही है। इसमें नगर निगम और जिला प्रशासन सहयोग कर रहा है। सेक्टर-4 की जल आपूर्ति को सामान्य बनाने युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। पाईप लाईन जोड़ने का कार्य रात में भी जारी है। कल सुबह तक सेक्टर-4 में भी जल की आपूर्ति सामान्य होने की संभावना है। नगर सेवा विभाग का इस्पात नगरी के नागरिकों से अपील है कि थोड़ा और धैर्य बनाए रखें। शीघ्र ही जल आपूर्ति सामान्य हो जायेगी।

# मोदी सरकार की नाकामी का जीता जागता सबूत ट्रेनों का कैंसल होना:रोशन दुबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 10 सितंबर।** ट्रेन परिचालन बन्द को लेकर पार्टी के निर्देश पर पत्रकार वार्ता प्रभारी रूपेश दुबे व जिला अध्यक्ष होरीराम साहू ने प्रेस वार्ता को लेकर कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार, देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेल सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षो से भारतीय रेल आम जनता का भरोसेमंद सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था, जिसे मोदी सरकार ने रेल्वे की विश्वसनीयता को खत्म करते हुए निजी हाथों में बेचने का षडयंत्र कर रही है और आये दिन ट्रेनों के परिचालन को निरस्त कर रही है। वर्तमान में 24 ट्रेन परिचालन रद्द कर दिया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। इस प्रकरण को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान श्री दीपक बैज जी ने गंभीरता से लेते हुए राज्य के आमजनता की इस लड़ाई को चरणरूप से आंदोलन के माध्यम से लड़ने का निर्णय लिया है,

उन्होंने आगे कहा कि मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षडयंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महिनों, हफ्तों तक बंद करने का फर्मान जारी कर दिया जाता है । महिनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराये नागरिकों की परेशानी से रेलवे



को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधायें इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है।

रूपेश दुबे ने कहा कि यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले कर सके। मोदी सरकार के पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठा कर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही। आजादी के बाद से रेलवे का अलग बजट बनाया जाता था, लेकिन मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है और बाद में रेल को निजी हाथों में सौपा जा सके इसका रास्ता बना रही है। पिछले साढ़े तीन साल में 67382 ट्रेनों को रद्द किया गया, आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार जा वर्षवार निरस्त हुई ट्रेनों की पूरी जानकारी वर्ष 2020 में 32757 ट्रेनें निरस्त की गई वर्ष 2021 में 32151 ट्रेनें निरस्त की गई वर्ष 2022 में 2474 ट्रेनें निरस्त की गई वर्ष 2023 में (अप्रैल माह तक) 208 ट्रेनें निरस्त की वर्तमान में 24 ट्रेनें अगस्त 2023 के अंतिम तक रद्द की गयी है। भाजपा राज में रेलवे में मिलने वाली बुजुर्गो की छूट खा गए. छात्रों को मिलने वाली रियायत खा गए, किराए में बेतहाशा वृद्धि, प्लेटफार्म टिकिट तक में कई गुना वसूली, दैनिक यात्री सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी, पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं, कामगार नौकरीपेशा आम यात्री सभी मोदी राज़ में उपेक्षा पीड़ित और प्रताड़ित है। छत्तीसगढ़ के लाखों रेल यात्रियों, छोटे कामगार, नौकरीपेशा, छात्र छात्राएं, स्टेशन के कुली और आटो चालकों की समस्या पर भाजपा नेता मुंह में दही जमाकर बैठे हैं। मोदी शाह के अधिनायकवाद के डर से वरिष्ठ भाजपा जनप्रतिनिधि भी जनता के प्रति अपने कर्तव्य निभाने से भाग रहे हैं।

बिलासपुर रेलवे जोन जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ आता है यहां से केवल माल भाड़े से केंद्र की मोदी सरकार 20000 से 22000 करोड़ रुपए हर साल कमाती है। लेकीन जब सुविधा देने की जब बारी आ रही हैं तो विगत 9 साल से मोदी राज में छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केंद्र की उपेक्षा ही मिली है। भाजपाई बताएं कि छत्तीसगढ़ के यात्रियों से आखिर किस बात का बदला ले रही है मोदी सरकार?

## समाचार संक्षेप

### यातायात पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी, 12 प्रकरण में वसूले 4000 रुपए



**कवर्धा 10 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृण करने लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसके साथ ही यातयात नियमो का पालन नहीं करने वालो पर कार्यवाही निरंतर किया जा रहा है। आज शहर के आउटर में प्वाइंट लगाकर वाहनों का चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर, दोपहिया वाहन में तीन सवारी सहित अन्य कुल 12 प्रकरण में 4000 समन शुल्क वसूल किया गया। इसी तरह विगत दिनों बिना सीट बेल्ट के 07 प्रकरण, समन शुल्क 3500, मौके पर लाइसेंस पेश न करना 04 प्रकरण में 1200 रुपए समन शुल्क, बिना नंबर प्लेट 01 प्रकरण में 300 रुपए, गाड़ी में रिफ्लेक्टर ना लगा होना 01 प्रकरण में 300 समन शुल्क कुल 13 प्रकरण में समन शुल्क 5300 वसूल किया गया था। यातयात प्रभारी महेश्वर सिंह ने उपस्थित वाहन चालकों को यातायात के नियमों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया की इसके साथ ही शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृण करने लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया की नियमो का पालन नहीं करने वालो पर यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगा। श्री सिंह ने वाहन चालकों को बताया कि वाहन में नंबर नहीं लिखे होने पर चालान वसूल किया जाता है। इसलिए बिना नंबर के वाहन न चलाएं। यातायात पुलिस ने सभी वाहन मालिकों से वाहन का पूरा कागजात साथ रखने, मालवाहक वाहनों में सवारी नहीं बिठाने, वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग नहीं करने की जानकारी दी। उल्लेखनीय है की लगातार यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों सहित शहर के आउटर में प्वाइंट लगाकर वाहनों का चेकिंग किया जा रहा है और नियमों का पालन नहीं करने वालो पर चलानी कार्यवाही भी किया जा रहा है।

### अवैध शराब परिवहन करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई 10 सितंबर।** भट्ठी थाना क्षेत्र अवैध शराब का परिवहन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है युवक के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 1 स्थित मूर्गा चौक के पास बाइक सीजी 04 जेडएम 2770 के चालक को पुलिस ने पकड़ा पूछताछ में युवक ने अपना नाम सेक्टर 6 सर्वेंट क्वाटर निवासी बी आदर्श बताया है युवक के पास से पुलिस ने 50 पौवा देशी मदिरा प्लेन 9 ब्लक लीटर बरामद किया है जिसकी कीमत 4 हजार रुपए आंकी गई है वहीं बाइक को जब्त किया है गौरतलब हो कि भट्ठी पुलिस ने अवैध कारोबार को लेकर टीआई ने बताया कि अभियान चलाकर नकेल कसने का प्रयास किया है इसके पूर्व लोहा चोर समेत अन्य अपराधियों पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है।



### ई-टिकटों के अवैध कारोबारी को आरपीएफ की डिटेक्टिव विंग ने दबोचा

**भिलाई, 10 सितम्बर।** आरपीएफ की डिटेक्टिव विंग टीम ने पाल मोबाइल प्वाइंट जामुल में छापा मारकर सुनील पाल उम्र 43 वर्ष पुत्र महाराणा प्रताप पाल को पकड़ा। शनिवार को जामुल श्रमिक शिविर, पीएस-जामुल रेलवे आरक्षण ई-टिकटों के अवैध कारोबार/बिक्री में 50-100 रुपये के कमीशन में शामिल होने के लिए कुल 25 नग जब्त किये गये। उसकी 03 व्यक्तिगत उपयोगकर्ता आईडी से पिछले ई-टिकटों की। कुल मूल्य रु. 39025.80/-. इसके अलावा आरोपी व्यक्ति को जब्त संपत्ति के साथ आरपीएफ पोस्ट भिलाई को सौंप दिया गया, जहां उसके खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 दिनांक 09.09.2023 के तहत मामला संख्या 1547/23 दर्ज किया गया। एक दलाल (आईआरसीटीसी एजेंट के अलावा) को आरपीएफ पोस्ट भिलाई को सौंप दिया गया।



### सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया सुरक्षा सजगता पुरस्कार समारोह का आयोजन

**भिलाई, 10 सितम्बर।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग द्वारा शनिवार को प्रोजेक्ट एक्सपांशन भवन के सभागार में आयोजित समारोह में परियोजना कार्यों में कार्यरत ठेका श्रमिकों को सुरक्षा सजगता पुरस्कार प्रदान किये गए। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखोपाध्याय ने परियोजना कार्यों में सुरक्षा सजगता के कार्यक्रमों पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं उपस्थित श्रमिकों से सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए कार्य करने का आव्हान किया। महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक उन्मेष भारद्वाज, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल एवं परियोजना विभाग के सभी अधिकारी /कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ प्रबंधक आर लवंण और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक शंकर सिंह नेताम ने दिया।




### रद्द की गई गोंदिया-बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रिस्टोर करते हुये परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी

**भिलाई, 10 सितम्बर।** अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के वाराणसी स्टेशन यार्ड का रिमाडलिंग हेतु एनआई का कार्य किया जा रहा है 7 इस कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को दिनांक 11 सितम्बर 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक तथा 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को दिनांक 12 सितम्बर 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक रद्द की गई थी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा इन दोनों गाड़ियों को रिस्टोर करते हुये उपरोक्त अवधि में परिवर्तित मार्ग व्हाया प्रयागराज छिवकी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-पाटलीपुत्र-हाजीपुर स्टेशनों के रास्ते चलाई जाएगी। अतः ये गाडियाँ इस अवधि में रद्द नहीं रहेगी उपरोक्तानुसार परिवर्तित मार्ग से चलेगी ।

## एक नजर

### ग्राम पंचायतों के सरपंचो का मानदेय बढ़ाने की मांग पूर्व विधायक प्रत्याशी नरेंद्र सोनी ने की



**खैरागढ़ 10 सितंबर।** ग्रामीण विकास को लेकर छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायत में अपेक्षा के अनुकूल राशि नहीं मिल पाई है जिसके कारण छत्तीसगढ़ के ग्राम पंचायत की स्थिति चिंताजनक व दयनीय है आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सड़क बिजली पानी स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा सी गई है और इसका सीधा प्रभाव चुने गए जनप्रतिनिधि सरपंचों पर भी पड़ा है ज्ञात होगी हाल के दिनों में सरपंच संघ के संयुक्त तत्वाधान में राजधानी रायपुर में भी प्रदर्शन किया गया है श्री सोनी ने कहा कि आगामी विधानसभा के पहले सरकार को तुरंत ही सरपंच के हितों में फैसला लेनी चाहिए क्योंकि सीमित वेतन पर सरपंच कार्य कर रहे हैं जिसके कारण उन्हें निराशा है श्री सोनी ने आगे सरकार से मांग की है कि खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ में सरपंचों का हालत बहुत ही खराब है इसलिए सरपंच की मानदेय 4000 से बढ़ाकर 15 000 हजार किया जाए वही पंचों का वेतन ?500 से बढ़ाकर 2000 किया जाए साथ ही रोजगार सहायक का भी वेतन प्रतिमाह 10000 से बढ़ाकर ?15000 किया जाए एवं आजीवन पेंशन के रूप में सरपंच के लिए न्यूनतम पेंशन राशि शासन के द्वारा निर्धारित की जाए पूर्व विधायक प्रत्याशी जनता कांग्रेस नरेंद्र सोनी ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम पंचायत में मूलभूत कार्य के लिए हर साल ?500000 का राशि अनिवार्य रूप से दिया जाए इसके साथ ही नरेंद्र सोनी ने कहा कि रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले श्रमिकों का भुगतान सरकार समय पर करें।

### बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में साक्षरता सप्ताह मनाया गया




**अंवरी 10 सितंबर।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व प्रो निरंजन कुमार साहू कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक 1 प्रो आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक 2 के मार्गदर्शन में साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत 08.09.2023 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने अपने विचारों को निबंध के माध्यम से व्यक्त किया तथा मानव श्रृखला का निर्माण करते हुये नारे लगाये एवं मनुष्य के जीवन में साक्षर होने की आवश्यकता को समझाया। 09.09.2023 को स्वयंसेवकों के द्वारा जोधपुर के आंगनबाड़ी, प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व बताते हुये बौद्धिक विकास संबंधित खेल खिलाये गये, नृत्य किया तथा लेखन सामाग्री का वितरण किया गया । इस दौरान श्रीमान दास सर एवं अन्य शिक्षकों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय परिसर में नियमित गतिविधी के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकार प्रो आकांक्षा मरकाम इकाई क्रमांक 02 के निर्देशन में स्वयंसेवकों के द्वारा परिसर में व्याप्त कचरा, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं खरपतवार इकट्ठा कर वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें स्वयंसेवकों ने एनएसएस लक्ष्य गीत का गायन करते हुये एक दूसरे में जोश भर कर कर्तव्य का निर्वहन किया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक महेन्द्र कुमार,अपर्णा,लीना,तरूण, कुशल, खोमेश्वरी, रूपेश, सोमेश्वर, केसर, टोमेन्द्र,मेनका तथा अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### ग्राम जोरातराई के आंगनबाड़ी में मनाया गया वजन त्यौहार



**अंवरी 10 सितंबर।** ग्राम पंचायत जोरातराई के तीनों आंगबाड़ी केंद्रों में वजन तिहार का आयोजन रखा गया था जिसमें 0 से लेकर 6 वर्ष के बालक बालिकाओं का वजन एवं ऊंचाई नाप किया गया जिसमें भैंसबोड़,अंवरी,पुरेन,सिंगदेही के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया जिसमें परमेश्वरी साहु सभापति जनपद पंचायत कुरूद,खिलावन पाल सरपंच एवं ग्राम पटेल महेंद्र साहू की उपस्थिति में वजन तिहार मनाया गया जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुखबत्ती साहू,कमलेश मिश्रा,हेमा वैष्णव,नीलम साहू,कंचन दुलारी पटेला एवं सहायिका उमा तारक,सुलोचीनी साहू,पार्वती साहू,मितानिन ललित साहू,राधा पाल,गधारी तारक,मंथिरा साहू के द्वारा वजन तिहार में हिस्सा लिया गया।

# व्यवस्था नहीं सुधरी तो 13 सितम्बर को होगा आंदोलन

■ ट्रेनों की लेटलतीफी से दैनिक यात्रियों सहित आम जनता को हो रही परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 10 सितंबर।** वर्तमान में रेलवे प्रशासन द्वारा अचानक 24 ट्रेनों के रद्द होने से व ट्रेनों की लेटलतीफी से दैनिक यात्रियो सहित आम जनता को हो रही परेशानियों के मद्देनजर विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने डोंगरगढ़ स्टेशन पहुँच स्टेशन प्रबंधक को जनहित में 13 सितम्बर 2023 को आंदोलन की चेतवानी देते हुए द.पू.रे. मंडल नागपुर डिवीजन के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल नागपुर ट्रेनों के परिचालन बंद किये जाने के विरोध में अनियमित एवं लेट लतीफ ट्रेनों की व्यवस्था दुरुस्त न करने के विरोध में 13 सितम्बर 2023 को उग्र आन्दोलन किये जाने की सूचना दी जा रही है। वर्तमान में 24 ट्रेनों परिचालन रद्द कर दिया है, जिससे रेल यात्रियों को सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। डोंगरगढ़ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है यह पर्यटन केन्द्र भी है। वर्ष में दो बार लगने वाले नवरात्रि पर्व में मेला शुल्क के रूप में यात्रियों से रेलवे अतिरिक्त वसूली भी करता है किंतु रेल सुविधाओं के नाम पर ठेंगा दिया जाता है वर्तमान में लेट लतीफ ट्रेनों तथा रेलवे के पक्षपात पूर्ण रवैया के कारण यात्रीयों की परेशानी बढ़ गई है। मूल रूप से माल गाड़ियों के कारण यहां ट्रेनों को कहीं भी खड़े कर दिया जाता है। यात्रीयों की सुविधाओं को ध्यान में नहीं रखा जा रहा जिसके चलते ट्रेन प्रतिदिन घंटो विलम्ब से चल रही है। इस कारण यात्रीयों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रही हैं। बिमार व बुजुर्ग यात्री भी ट्रेन में सफर भी करते हैं। जिसका बड़ा खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है ऐसा नहीं है कि रेल अधिकारियों को इस समस्या की जानकारी न हो किन्तु हठधर्मिता के चलते यात्रीयों को लगातार जान बुझकर परेशान किया जा रही हैं यात्रीयों की यह परेशानी गोदिया से दुर्ग के बीच ही है। वर्तमान में यात्री ट्रेनों को बोरतालाब पनियाजोब व अपलाईन में जटकन्हार में तथा आउटर सिग्नल में प्रत्येक यात्री ट्रेन को खड़ा किया जा रही है। इसके आलावा अप वाली ट्रेन भी एक नम्बर प्लेटफार्म में न लेकर तीन नम्बर प्लेटफार्म में ली जा रही है। जिससे यात्री दिग्भ्रमित भी रहे हैं जबकि यहां पूर्व में दो लाइन भी तब व्यवस्था सुचारू रूप से चालू थी अब तीन लाईन होने के बाद भी लगातार यात्री ट्रेन लेट हो रही है। ऐसी कोई भी ट्रेन नही है जो समय पर चल रही हो इन सब विषयों को लेकर हमने बार बार आपका व लोकल स्टेशन मास्टर का ध्यान आकर्षित कराया है किन्तु रेल अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा इस कारण हम सब डोंगरगढ़ दैनिक यात्री ट्रेनों के सुचारू रूप से संचालन हो इसके लिए धरना आंदोलन करने मजबूर हैं। 1. पुराना अंडरब्रिज (कालकापारा) को पुनः संचालन करे। 2. 4:00 बजे लोकल बिलासपुर चलने वाली ट्रेन को संचालन करे। 3. 500 बजे लोकल नागपुर चलने वाली ट्रेन को संचालन करे। 4 पैसेंजर ट्रेनों का किराया पूर्व की भांति यथावत किया जाए।5. पैसेंजर ट्रेनी को आउटर सिग्नल में खड़ा न किया जाए। कृपया इस विषय को गंभीरता से लेकर तत्काल रेल सुविधाओं को न सुधार गया तो 13 सितम्बर 2023 को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के पास में उग्र, जन आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, कांग्रेसी नेत्री हर्षिता बघेल, नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के इशारे पर रेलवे का पक्षपातपूर्ण रवैया छग के लोगों के साथ विश्वासघात:शुक्ला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजनांदगांव 10 सितंबर।** भारतीय रेलवे वर्षो से देश की जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था, जिसे मोदी सरकार ने रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करते हुए निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र कर रही है और आये-दिन ट्रेनों के परिचालन को निरस्त कर रही है। वर्तमान में 24 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश के रेलयात्रियों को सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। बिलासपुर रेलवे जोन जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ आता है यहां से केवल माल भाड़े से केन्द्र की मोदी सरकार 20000 से 22000 करोड़ रूपए हर साल कमाती है। लेकिन जब सुविधा देने की जब बारी आ रही है तो विगत 9 साल से मोदी राज में छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केन्द्र की उपेक्षा ही मिली है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गंभीरता से लेते हुए आमजनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। जिसको लेकर शनिवार 9 सितंबर को प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी।

प्रेसवार्ता में श्री शुक्ला ने बताया कि नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षो से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था जिसे मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षडयंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महिनों, हफ्तों तक बंद करने का फर्मान जारी कर दिया जाता हैं। महिनों पहले यात्रा की योजना बनाकर रिजर्वेशन कराये नागरिकों की परेशानी से रेलवे को और केन्द्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधायें इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर कभी कोई और कारण बताकर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से उब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले कर सके। मोदी सरकार के पहले केन्द्र सरकारें घाटा उठाकर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही।

# मान मन की खुराक है, भावना भव नाशनी है: आचार्य विद्यासागर महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 10 सितंबर।** संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ चंद्रगिरि डोंगरगढ़ में विराजमान है । आज के प्रवचन में आचार्य श्री ने बताया कि श्रवण बेलगोला में युग के आदि के जो प्रथम काम देव माने जाते हैं उनकी प्रतिमा बनी थी उनके अभिषेक होना था जिसे देखने बहुत सारी जनता एकत्रित हुई थी । एक से बढ़कर एक सेठ साहूकार अभिषेक करने के लिए आये थे । सभी बड़े ङ्क बड़े सेठ साहूकार हाथों में कलशा लेकर के क्रमशः अनुमति दी गयी थी । अभिषेक प्रारम्भ हो गया बड़े - बड़े घड़ों से वहां अभिषेक किया किन्तु जल की धारा नाभी के निचे नहीं आयी । इतने सारे ङ्क सारे घड़े डाले अब क्या करेंगे ? सभी देखते रहे पूरा पानी जो लाया गया था डाल दिया गया । कई व्यक्तियों ने अपने ङ्क अपने ढंग से सोचा समझा की किसी देव ने आकर कीलित कर दिया होगा । इसी बीच में एक बुढ़िया अपने हाथ में जल भरकर छोटी लुटिया लेकर आयी । सभी ने कहा की दादी ङ्क दादी इतने बड़े ङ्क बड़े घड़े खली हो गए ये आपकी छोटी सी लुटिया से क्या होगा तो उसकी भावना को देखते हुए एक व्यक्ति ने उसकी लुटिया को ऊपर ले गया । जब उसका क्रम आया तो उसके लुटिया की धारा ऊपर से आकर नाभी को भी पार कर गयी । भावों से हाइट गौण हो सकती है । ये हाइट कोई हाइट नहीं ये तो भाव है । भावना भव नाशनी कवियों ने कहा है । भावना भव को नाश करने की क्षमता रखती है । इसलिए बोलियाँ चढ़ नहीं पा रही थी आपने कहा महाराज आप चलो हम तो आपकी बात नहीं करेंगे हमे तो बस दादी की बात आपको याद दिलाने का मन कर गया । मोक्ष मार्ग में व्यवधान होता है वह मान है । मान मन की खुराक है । सबके (सभी पांच इन्द्रियों के ) भिन्न ङ्क भिन्न विषय हैं किन्तु मन का विषय मान है । मान के कारण ही मनुष्य आज तक मोक्ष मार्ग को पार नहीं कर पाया । जिनका अभिषेक हुआ उनके जीवन में भी वही मान था । भरत को तो जीत सका लेकिन अपने भीतर जो मान बैठा है अनन्तानुबन्धी, प्रत्याख्यान, अप्रत्याख्यान सब गया किन्तु अन्दर जो मान की संज्वलन जो दीपक जल रहा है उसको धीरे ङ्क धीरे ही कम करना पड़ता है । एक वर्ष तक बीना आहार के खड़े होकर तपस्या किये केवल ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ । केवल ज्ञान अंतर्मुहूर्त में तो होता है किन्तु अन्तरज्ञान के बीना नहीं होता । युग के आदि में काम देव हुए और वर्तमान के 24 तीर्थंकरों से पहले सर्वप्रथम मोक्षमार्ग में मुक्ति मिली ।

# शहर की बेटी आस्था ने संस्कारधानी को किया गौरवान्वित: कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2022 के मेरिट सूची में शहर के जीवन कालोनी निवासी आस्था शर्मा ने डीएसपी बनकर राजनांदगांव शहर और जिले का गौरव बढ़ाया है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसजनों द्वारा आस्था शर्मा के निवास पहुंचे बधाई दी एवं मुंह मीठा कराया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को परीक्षा परिणाम की घोषणा की जिसमें शहर की होनहार बेटी आस्था शर्मा पिता गौरीशंकर शर्मा का चयन उपपुलिस अधीक्षक में हुआ है। जिसको लेकर कांग्रेसजनों द्वारा आस्था शर्मा के निवास जीवन कालोनी पहुंचकर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना कर मुंह मीठा कराया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, छग अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, प्रवक्ता महेन्द्र शर्मा, नासिर जिंदरान, डा.कुमार, शैलेष रामटेके, सुरेन्द्र देवांगन, अभिमन्यु मिश्रा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# आदतन अपराधी को 25 आर्म्स एक्ट के तहत किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 10 सितंबर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्रीमान अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023-24 के मद्देनजर शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु असमाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 09.09.2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मील चाल एबीस रोड़ राजनांदगांव के पास पिस्टल लेकर घुम रहा है, आसपास के लोग दहशत में है। कि सूचना पर तत्काल थाने से स्टॉफ भेजकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता सुनील निषाद पिता नरोत्तम निषाद उम्र 30 वर्ष साकिन शांति नगर गली नं. 01 राजनांदगॉव (छ0ग0) स्थायी पता वार्ड नं. 01 पंचशील नगर दुर्ग (छ0ग0) का निवासी होना बताया, तलाशी लेने पर एक नग देशी पिस्टल मिला, आरोपी द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मकसद से अवैध रूप से पिस्टल रखना पाये जाने से मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 706/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है इसके विरूद्ध पूर्व में थाना कोतवाली में अप0 क्रं 716/13 धारा 307, 34 भादवि0 25 आर्म्स एक्ट, अप0 क्रं 701/22 धारा 341, 294, 506, 323, 307 भादवि0 25,27 आर्म्स एक्ट व थाना बसंतपुर के अप0 क्र. 206/14 धारा 307, 34 भादवि0 के प्रकरण में जेल में सजा काट चुका है साथ ही इसके विरूद्ध थाना कोतवाली में अप0 क्र. 191/14 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि, अप0 क्रं 644/21 धारा 13 जुआ एक्ट एवं 652/21 धारा 279, 337, 294 भादवि0 के अपराध में चालान किया गया है साथ ही आरोपी के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने धारा 151-107,116(3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, सउनि0 अनिल यादव, प्र0आर0 जी0 सिरिल, आर0 रंजीत चैरसिया, प्रख्यात जैन एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर अजय चंद्राकर ने किया चुनावी शंखनाद



**नगरी 10 सितंबर।** सिहावा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करके चुनावी बिगुल बजाया। कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर ने किया, कार्यक्रम में सम्मिलित हुए कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मांडवी, भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, भाजपा जिला सह प्रभारी हलधर साहू , सिहावा विधानसभा प्रभारी राजा कमलचन्द्र भंजदेव, पूर्व विधायक पिंकीशिवराज शाह,अजय चंद्राकर नें कार्यक्रम के दौरान श्रवण मरकाम को विजयमाला पहनाकर अग्रिम जीत की बधाई दी, एवं वर्तमान कांग्रेस की विधायक व कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने की बात कही। कार्यक्रम में विधानसभा के समस्त प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक सभी अतिथियों के साथ भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम का अभिनंदन किया एवं उन्हें जीत की बधाई दी।

### भाजपा ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधों को लेकर राज्यपाल को प्रदेश सरकार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

**रायपुर 10 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में प्रदेश की राजधानी से लेकर हर शहर-नगर और गाँवों में लगातार बढ़ रहे अपराधों के परिप्रेक्ष्य में शनिवार को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मिलकर प्रदेश के कुशासन, बढ़ते अपराधों, महिला असुरक्षा आदि मुद्दों पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने प्रदेश के संवैधानिक संरक्षक होने के नाते राज्यपाल से महिलाओं पर हो रही दरिंदगी जैसे छेड़छाड़, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और बलात्कार के बाद हत्या, मासूम बच्चियों के साथ अनाचार को रोकने में अयोग्य, अक्षम और भ्रष्ट सरकार पर कार्रवाई के लिए निर्देश देकर जनता की सुरक्षा प्रदेश को एवं अपराधियों-आतंकियों के चंगुल से मुक्त कराने का आग्रह किया। भाजपा ने राज्यपाल हरिचंदन को सौंपे गए अपने ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश के संसाधन की बेदर्दी से लूट-खसोट करने, घपले-घोटालों की श्रृंखला बना छत्तीसगढ़ को देशभर में बदनाम करने वाली कांग्रेस सरकार के पास शासन करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जरा भी फुरसत नहीं है। इस कारण शांति का टापू रहा अपना प्रदेश देखत-ही-देखते अपराध गढ़ में बदल गया है। शासन की शह के कारण अपराधियों के हौसले तो बुलंद हैं ही, स्वयं कांग्रेस के नेतागण भी सत्ता के मद में जघन्य अपराध आदि करने से परहेज नहीं कर रहे। ऐन शिक्षक दिवस के दिन कांग्रेस के सचिव स्तर के एक नेता द्वारा एक आदिवासी शिक्षिका के साथ दुष्कर्म की वारदात ने हमें शर्मसार किया है।

### महाविद्यालय एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**धमतरी 10 सितम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए युवा, नवविहाहित वधु, दिव्यांगजन, थर्डजेंडर , बुजुर्ग, पुरुष, महिला सहित सभी वर्ग के मताधिकार के उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगो को जागरूक करने के लिए विविध आयोजन किये जा रहें हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा, गुरुकुल महाविद्यालय, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कातलबोल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भेंडरा एवं सियारीनाला मे मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान के अधिकार हेतु जागरूकता दिखाई, आओ हम सब मिलकर मतदान करें मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करें, का नारा लगाकर महाविद्यालय एवं स्कूल से टोली बाहर की तरफ प्रस्थान किये। रास्ते में गांव के नागरिकों को मतदान के अधिकार के बारे में जागरुक करते हुए खेत खलिहान में पहुंच गए जहां पहुंचकर किसानों को मतदान के बारे में जानकारी दी गई।





### यात्री गाडियों के लेटलतीफ एवं निरस्त होने के कारण व्यापारियों को हो रही परेशानीं: अमर पारवानी

**रायपुर 10 सितंबर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट सी.जी. चैप्टर का एक प्रतिनिधी मंडल रायपुर रेल मंडल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी, श्री पी ज्यूलियस वैष्णव एवं परिचालन विभाग के अर्जीत कुमार से मुलाकात किया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेष अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोषी ने बताया की कैट टीम ने रायपुर रेल मंडल प्रबंधक श्री संजीव कुमार से मुलाकात किया । कैट टीम ने रेल मंडल प्रबधंक को अवगत कराया कि वर्तमान समय में रेल्वे द्वारा यात्री गाडियों के लेटलतीफी एवं निरस्त होने के मामले अत्यधिक हो रहे है। अभी त्यौहारी सीजन शुरू हो गया है। जिसके लिए व्यापारियों को खरीदारी करने हेतु अन्य शहरों मे जाना पडता है। यात्री गाडियों के लेटलतीफ एवं निरस्त होने के कारण आम जनता एवं व्यापारियों को बहुत अधिक परेषानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे कि उनके समय एवं व्यापार पर दुष्प्रभाव पडता है। रेल्वे द्वारा यात्री गाडियों निरस्त करने की सूचना पूर्व मे देनी चाहिए।




# गोंदिया व दुर्ग की टोलियों ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता जीती



**डोंगरगढ़ 10 सितंबर।** धर्मनगरी में डोंगरगढ़ में श्री हनुमान चौक गोल बाजार में व हाई स्कूल प्रांगण, नाकापारा,देवनगर, रेलवे कालोनी सहित नगर के चौक चौराहों में भव्य दही हांडी लूट का आयोजन सम्पन्न हुआ। 105 वां साल इस वर्ष धूम धाम से मना श्री हनुमान भक्त युवा समिति व गोल बाजार गोविंदा उत्सव समिति के तत्वधान में आयोजित दही लूट का आयोजन किया गया जिसमें कुल 66,555 का ईनाम गोंदिया व दुर्ग टोलियो ने लूटा जिसमे पहली मटकी जय माँ शीतला गोंदिया की टोली ने मटकी फोड़ी जिसमे इनाम श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा 35,555 ?, मोमेंटो कप व चेक दिया गया ततपश्चात पब्लिक डिमांड में दूसरी मटकी लटकाई गयी जिसे जय माँ शीतला क्रीड़ा मंडल दुर्ग ने लूटा इनाम स्वरूप 31,000 ? मोमेंटो कप भाई आलोक सोनी, सूरज साहू,विवेक शर्मा, विकाश गुप्ता व गोल बाजार गोविंदा उत्सव समिति द्वारा प्रदान किया गया। समिति के हनी गुप्ता ने बताया भव्य आयोजन को लेकर तैयारी 20 दिन पूर्व से की जा रही थी जिसमे शहर में बैनर पोस्टर व भिलाई की लाइटिंग,आमगांव की द्यद्गस्न स्क्रीन, स्नद्ब साउंड, आतिशबाजी व विशेष रुप से डोले के भव्य स्वागत की तैयारी इस वर्ष की गयी समिति के द्वारा यह 7वां वर्ष दही हांडी लूट का श्री हनुमान चौक में मनाया गया सर्व प्रथम पूजा अर्चना कर क्रेन के माध्यम में मटकी को फूलो व शार्फ़ि लाइट से सजा कर 25 फिट में लटकाया गया। व चौक में चारी ओर टर्स में लाइटिंग व कोल्ड फायर से ठाकुर जी के डोले का स्वागत किया गया धर्मप्रेमियों व भक्तो जनों से भजनों में झूम कर आनंद लिया हज़ारो के संख्या में आये भक्त आतिशबाजी व स्वागत देख आनंदित महसूस किया डोले के जाने के बाद टोलियों ने मटकी लूट का प्रयास प्रांरभ किया देर रात्रि तक भजनों में थिरकते दिखे युवा । वहीं दूसरी ओर हाई स्कूल प्रांगण में विधायक भुनेश्वर बघेल व नवाज खान के सहयोग से भव्य दही लूट का आयोजन रखा गया था। 55555/- रु इनामी राशि की मटकी गोंदिया की टोली ने लूटी तो नाका पारा में मोर्या बॉयस ग्रुप द्वारा आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता की बाजी दुर्ग की टोली ने मारते हुए 35000/- रु का इनाम जीता। दंतेश्वरी पारा वार्ड 02 देवनगर की मटकी पर 36555/- की राशि को भी गोंदिया की टीम ने जीत शहर की तीन प्रमुख मटकियो को फोड़ अपना वर्चस्व कायम रखा। आयोजन में अतिथि के रुप में राजनंदगाँव से पवन डागा जी,नंदू सोनी,शिव राठी, चन्द्रभान,मयूर,टप्पू व लाला तापड़िया,संदीप पचेरवाल,सीटे बन्नोआना,गिरिराज तापडिय,राजा गुप्ता,राजेन्द्र शर्मा, बंटू तापड़िया व अन्य गोल बाजार व्यापारी के माध्यम से ईनाम वितरण किया गया साथ ही समिति को विशेष सहयोग प्रदान करने वाले स्पांसर (प्रायोजकों) वृंदा मोबाइल,बिंग बॉस महावीर एजेंसी, किसान पाइप गुप्ता ट्रेडिंग कंपनी,दा कोर जिम, श्याम बाबा इंफ्रा,मास्को पंप द्बङ्ग बोरवेल्स, वेंचुरा,धीरज ज्वेलर्स,अरिहंत इलेक्ट्रिकल्स मेन्स क्लॉथ गैरेज,भगवानदीन साहू सिविल कांट्रेक्टर, आदित्य मिश्रा फोटोग्राफी,गुप्ता प्लंबिंग डिसमेंटलिंग को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# इंडियाज़ गॉट टैलेंट में अबूझमाड़ मलखंभ ग्रुप ने अपनी 'फर्स्ट क्लास' परफॉर्मेंस से सबको कर दिया हैरान






सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के टैलेंट रियलिटी शो 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट' में एक म्यूजिकल धमाल के लिए तैयार हो जाइए, जहां यह शो भारतीय रेलवे की बेमिसाल विरासत को एक शानदार ट्रिब्यूट देगा! इस एपिसोड को खास बनाएगी प्रसिद्ध निर्देशक और बेमिसाल कोरियोग्राफर फराह खान की उपस्थिति, जो गेस्ट जज के रूप में बादशाह और किरण खेर के साथ जजों के सम्मानित पैनल में शामिल होंगी। यह मंच टॉप 13 कंटेस्टेंट्स की मंत्रमुग्ध कर देने वाले परफॉर्मेंसेस से जगमगाने के लिए तैयार है, जो भारतीय रेलवे के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करेंगे।

छत्तीसगढ़ का असाधारण प्रतिभाशाली अबूझमाड़ मलखंभ ग्रुप, फिल्म कलंक के फुट-टैपिंग बॉलीवुड नंबर, फर्स्ट क्लास पर अपनी परफॉर्मेंस से सबको आश्चर्यचकित कर देगा। अपने अनूठे और लुभावने एक्ट्स के लिए मशहूर, अबूझमाड़ बड़ी सफाई से एक ऐसी परफॉर्मेंस देंगे, जिसमें न सिर्फ शानदार नृत्य कुशलता होगी बल्कि यह भारत की रेलवे प्रणाली की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी जश्न मनाएगा।

इस एक्ट से प्रभावित होकर जज बादशाह कहते हैं, सब कुछ फर्स्ट क्लास है, अबूझमाड़। मैं सोच भी नहीं सकता था कि ट्रेन के डिब्बे में ऐसा कुछ हो सकता है। हमने ट्रेन से सफर किया है और उसमें इतनी भीड़ होती थी कि हम हिल भी नहीं पाते थे। लेकिन ट्रेन के डिब्बे में क्या हो सकता है, इसकी कल्पना करना अविश्वसनीय है। आप हमेशा नई सीमाएं तय करते हैं। गेस्ट जज फराह खान ने आगे कहा, मैं भी ट्रेन में गई हूं और एक पूरा गाना शूट किया है लेकिन आज आपने जो किया वो अविश्वसनीय है। आप जहां से आए हैं और आपने इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया है, तो मैं समझ सकती हूं कि उस समय रिहर्सल के दौरान आपको कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ा होगा। बहुत शानदार!

## स्वर सप्तक संगीत संध्या में आशा भोंसले के सदाबहार गीतों की महफ़िल सजी

### स्व.चंद्रकली पांडेय की स्मृति में आयोजन ....

रायपुर... महान गायिका आशा भोंसले जी के 90 वे जन्मदिन के शुभ अवसर पर स्वर सप्तक संस्था अंचल के गायको की एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति स्थानीय शहीद स्मारक भवन में स्वर कोकिला लता जी एवं आशा जी के सदाबहार गीतों से ÷कर ले प्यार कर ले के दिन हैं÷ ...सुमधुर गीतों व संगीत का यह आयोजन , स्व.श्रीमती चंद्रकली पांडेय जी की स्मृति मे जय




प्रकाश पांडेय जी के मार्गदर्शन मे यह आयोजन हुवा कार्यक्रम के संयोजक उदय दास ने बताया कि इस आयोजन में सुर कोकिला सम्मान से प्रसिद्ध ग़ज़ल गायिका डॉ. साधना रहाटगांवकर जी को सम्मानित किया गया ।


गायकी की प्रस्तुति दिये- डॉ. छाया प्रकाश ( बिलासपुर) ओम प्रकाश - शिवानी बानी - मनोज बर्मन - गीतांजली साहू ( खैरागढ़) - श्रुति संघी - उषा पॉल - डॉ. कृति गुप्ता - भूमि सागर - मीनाक्षी केशरवानी - दिनेश वर्मा एवम अजय करमोकार और वादक हैं..गुरजीत सिंग - लीलेश कुमार ( भिलाई) - राजेश नायक के संगीत संयोजन मे सत्यम् भारती - आदित्य करमोकार -रमेश बाघ - समीर दास - सतीश सिन्हा ( भिलाई) धर्मेंद्र केमे ( राजनांदगांव) - धर्मेंद्र सारथी - डोमन साहू - रितेश बेहरा - कुंजल सिन्हा - नरेंद्र नायक एवम विनय ठाकुर संगत किये!

## विंक स्टूडियो ने लव ऑल के म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल किया

डाउनलोड और डेली एक्टिव यूजर्स के मामले में भारत के नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप विंक म्यूजिक ने आज घोषणा की कि भारत के सबसे बड़े म्यूजिक डिस्ट्रिब्यूशन इकोसिस्टम विंक स्टूडियो ने के. के. मेनन अभिनीत फिल्म ÷लव ऑल÷ के डिस्ट्रिब्यूशन राइट्स हासिल कर लिए हैं। लव ऑल फिल्म बैडमिंटन सुपरस्टार पी. गोपीचंद के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म का निर्माण आनंद पंडित के साथ महेश भट्ट और पी. गोपीचंद ने किया है। यह फिल्म 01 सितंबर को एम. रमेश के लक्ष्मी गणपति फिल्म स्टूडियोज द्वारा रिलीज हुई । सुधांशु शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में स्वस्तिका मुखर्जी, रॉबिन दास, श्रीश्वरा, अतुल श्रीवास्तव और राजा बुंदेला भी हैं। वितरण व्यवस्था के बारे में बोलते हुए एयरटेल डिजिटल के सीईओ और एयरटेल के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर आदर्श नायर ने कहा, विंक स्टूडियो की स्थापना स्वतंत्र कलाकारों को एक क्रिएटिव आउटलेट की पेशकश करने की दृष्टि से की गई थी, जो उन्हें किसी भी मॉनिटाइजेशन और खोज संबंधी मुद्दों में भी मदद करेगा, जिनका कि उन्हें सामना करना पड़ता है। हमें स्वतंत्र कलाकारों के साथ बड़ी सफलता मिली है और वर्तमान में हमारे रोस्टर में 1000 कलाकार हैं। यह डिस्ट्रिब्यूशन पार्टनरशिप उन प्रोड्यूसर्स के लिए नए रास्ते खोलेगी, जो डिजिटल डिस्ट्रिब्यूशन की तलाश कर रहे हैं और एयरटेल की पहुंच और कनेक्टिविटी की अंतर्निहित ताकत का फायदा उठाना चाहते हैं। विंक स्टूडियो अपनी स्थापना के बाद से लगातार मजबूत होता गया है। इसने हाल ही में कई स्वतंत्र एकल गाने वितरित किए हैं, जैसे कि मंज म्यूजिक और अनुषा दांडेकर का लव टोकन, विशाल ददलानी का बिल्लो और निकिता गांधी का प्यार में पागल गाना, जो एक ही समय में रोमांटिक भी है और ग्रूवी नंबर भी है तथा प्यार में पागल एक लड़की के बारे में है। विंक 15 भारतीय भाषाओं में म्यूजिक प्रदान करता है और अब ऐप पर कुल स्ट्रीम में क्षेत्रीय गीतों की हिस्सेदारी 30त्न से अधिक हो चुकी है। उड़िया, गुजराती, असमिया, मराठी, तेलुगु और भोजपुरी भाषा के गानों में 150त्न से अधिक की वृद्धि देखी गई है और वे अपने गृह राज्यों के बाहर भी लोकप्रिय हैं।

## शिवशक्ति में मिलेगा शिव लोक का नया अनुभवः संजय

धार्मिक धारावाहिक शिवशक्ति में हिमावन (पर्वत राज हिमालय) की दमदार भूमिका अदा करने वाले गाजियाबाद के संजय शर्मा का कहना है कि हिमावन एक विशाल किरदार है। हिमालय केवल पर्वत नहीं है बल्कि इसके



पीछे अनेक कथाएं और शिवजी के साथ रिश्ता है। धारावाहिक शिवशक्ति में भोले भंडारी के अनछुए पहलुओं को भव्य रूप में दिखाया गया है। धारावाहिक दर्शकों को अलग ही अनुभव कराएगा। दर्शक शिवलोक में खो जाएंगे। इसकी कास्टिंग जबरदस्त है। कलर्स में आने वाले शिव शक्ति का कास्ट्यूम अद्भुत है। ऐसा लगता है मानो हम देवी देवताओं का साक्षात् दर्शन कर रहे हैं। दर्शकों की तमाम भावनाओं का ख्याल रखते हुए शिव शक्ति को तमाम तरह के शोध व धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने के बाद बनाया गया है। तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए छोटे पर्दे के हिमावन यानी संजय शर्मा ने कहा कि धार्मिक धारावाहिकों में काम करने का अलग अनुभव है। हम उसी युग में पहुंच जाते हैं। संजय ने इससे पूर्व भी कई धारावाहिकों में काम किया है। वे कहते हैं कि यह देश देवी-देवताओं का है। बचपन से हमें संस्कार दिए जाते हैं। पूजा-पाठ सिखाए जाते हैं। यही वजह है कि धार्मिक धारावाहिकों के प्रति लोगों का झुकाव बढ़ा है।

## कृष्णा और पायल की आपस में गुंथी हुई किस्मत के गवाह बनें

कलर्स का 'सुहागन' ने जब से 10 साल की रोमांचक लीप ली है, तब से यह दोनों बहनों बिंदिया और पायल के जीवन में बदलाव की आंधी लेकर आया है, और उनके प्यार और दुश्मनी के सफर को आगे बढ़ाया है। अपनी मनोरंजक कहानी के साथ, 'सुहागन' दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। मौजूदा ट्रैक में, कृष्णा पायल को रुद्र से शादी करने से रोकने के लिए उसके माथे पर सिन्दूर लगाता है, जिससे बिंदिया और वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह जाते हैं। बलदेव (कृष्णा के पिता) कृष की इस हरकत पर सवाल उठाते हैं, और कृष्णा पायल के प्रति अपने अटूट प्रेम को स्वीकार करता है, क्योंकि वह यह सोच भी नहीं सकता है कि पायल ऐसी कोई गलती करे



जिससे उसकी जिंदगी बर्बाद हो जाए। यह नाटकीय मोड़ कई अप्रत्याशित और मनोरंजक घटनाओं के लिए मंच तैयार करता है, जिससे बिंदिया, पायल और कृष्णा के जीवन जटिल रूप से आपस में जुड़ जाते हैं।

आगामी एपिसोड्स में, पायल की कृष्णा से शादी हो जाने के बाद, वह अपनी बहन बिंदिया के बारे में चिंतित होने का नाटक करने के साथ ही, बिंदिया और कृष्णा के वैवाहिक रिश्ते को खत्म करने के लिए बिंदिया को बहकाने हेतु चालें भी चलेगी। हालांकि, बिंदिया मजबूती से खड़ी रहेगी और कृष्णा के साथ अपने विवाह के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। क्या बिंदिया फिर से कृष्णा की सुहागन का दर्जा हासिल कर लेगी या पायल अपनी योजनाओं में सफल हो जाएगी?

## जॉर्जिया एंड्रियानीने साउथ सिनेमा में मारी एंट्री, ध्रुव सरजा की फिल्म 'मार्टिन' से करेंगी डेब्यू


जॉर्जिया एंड्रियानी बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक है जिनकी चर्चा सोशल मीडिया पैर आकर होती रहती है उनके काम को लेकर या उनके हॉट तस्वीरो को लेकर 7 वहीं अब वह अपने साउथ सिनेमा में डेब्यू को लेकर सुर्खियों में हैं। जॉर्जिया



एंड्रियानी अपनी पहली फिल्म 'मार्टिन' के लिए अपने विशेष डांस नंबर से टॉलीवूड इंडस्ट्री में एंट्री कर ली है7 टॉलीवुड, तेलुगु फिल्म उद्योग का दिल, अपने ग्लैमर, मनोरंजन और जीवन से भी बड़ी प्रस्तुतियों के लिए जाना जाता है। कई महत्वाकांक्षी अभिनेताओं के लिए इस गतिशील दुनिया का हिस्सा बनना एक सपना है, और जॉर्जिया एंड्रियानी की आश्चर्यजनक सुंदरता के लिए ऐसा ही एक सपना सच हो रहा है। प्रतिभाशाली अभिनेत्री टॉलीवुड उद्योग में अपनी भव्य शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी जिन्हें हाल ही में बॉलीवुड फिल्म नॉन-स्टॉप धमाल में एक शानदार आइटम नंबर दिल के अंदर परफॉर्म करते हुए देखा गया था, जल्द ही अपनी आगामी बहुभाषी फिल्म 'मार्टिन' के लिए ध्रुव सरजन के साथ बॉलीवुड में अपनी पहली शुरुआत करेंगी।इमरान सरदारिया द्वारा कोरियोग्राफ किए गए इस गाने में जियोर्जिया के साथ मुख्य अभिनेता ध्रुव सरजा नजर आ रहे हैं। उनके साथ लगभग 350 विदेशी नर्तक शामिल थे और गाने को उच्च तकनीक वाले उपकरणों के साथ कैप्चर किया गया था, जिसका बजट 3.5 करोड़ रुपये था। अपना उत्साह व्यक्त करते हुए जियोर्जिया कहती हैं, ÷मैं अपने पहले दक्षिण भारतीय गाने का हिस्सा बनकर बिल्कुल रोमांचित हूं।

## कलाकारों ने अपने ग्रैंड पैरेन्ट्स के साथ बिताये सबसे यादगार पलों के बारे में बताया

ग्रैंडपैरेन्ट्स और ग्रैंडचिल्ड्रन के बीच का रिश्ता जिन्दगी के सबसे खूबसूरत सम्बंधों में से एक होता है। ग्रैंडपैरेन्ट्स के जीवन से जुड़े अनुभव,



कहानियों और बुद्धिमत्ता में मूल्यवान शिक्षाएं होती हैं, जो हमारे निजी विकास में योगदान देती हैं। लेकिन वे हमारे साथ दोस्ती का एक असाधारण बंधन भी निभाते हैं, जिससे कभी भुलाई न जा सकने वाली यादें मिलती हैं। इस इंटरनेशनल ग्रैंडपैरेन्ट्स डे पर एण्डटीवी के कलाकार अपने मनोरंजक किस्से बता रहे हैं, जिनमें उनके ग्रैंडपैरेन्ट्स ने उनके साथ मिलकर शरारतें कीं। ये कलाकार हैं मोहित डग्गा (अशोक, 'दूसरी माँ'), संजय चैधरी (कमलेश, 'हप्पू की उलटन पलटन) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। दूसरी माँ के अशोक, यानि मोहित डग्गा ने बताया, ''मेरे दादाजी मुझे स्कूल से लेने आते थे और मुझे उनके ट्रक में बैठने के वाकये याद हैं। जब वह मेरे आस-पास होते थे, तब मैं बेफिक्र और हमेशा खुश रहता था। वे यादें इतनी ताजा हैं, जैसे कल ही की बात हो। मेरे दादाजी मस्ती से मुझे गुदगुदाते थे और मैं दिल खोलकर हँसता था; वह शरारतों में मेरे सबसे बढ़िया साथी थे। घर आना, जूते उतारकर फेंक देना (जिस पर मेरे दादाजी प्यार से टिप्पणी कर देते थे) और फिर मिठाइयों और उनके पसंदीदा स्नैक पानी पूरी का मजा लेना तो जैसे हमारी परंपरा ही बन गई थी। मेरे दादाजी को फिल्मों का शौक था; बेहतरीन फिल्मों को देखते हुए हम पूरी रात बिता देते थे। मेरे देर रात तक जागने पर मेरी दादी अक्सर उन्हें डाँटा करती थीं, लेकिन मैंने छुप-छुपकर इसका मजा लिया और इस तरह से ऐक्टिंग मेरी पसंद बन गई। अपने ग्रैंडपैरेन्ट्स के साथ मेरी यह यादें मुझे बहुत भाती हैं और मैं इन्हें हमेशा सँजोकर रखूंगा। मैं सारे ग्रैंडपैरेन्ट्स को दिल से धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने हमें वह बनाने में भूमिका निभाई, जो आज हम हैं।

## तप, त्याग, तांडव' में शामिल होने पर बहुत गर्व और सम्मान महसूस हो रहा

कलर्स की महागाथा 'शिव शक्ति - तप त्याग तांडव' दो सबसे पूज्यनीय देवताओं - भगवान शिव और देवी शक्ति की ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। यह शो उनकी कर्तव्य, त्याग और अलगाव की यात्रा को दर्शाता है, जिससे होते हुए वे तप, त्याग और तांडव की ओर जाते हैं। पहले एक भव्य कैनवास पर पौराणिक शैली में एक शो तैयार करने के बाद, कलर्स और पौराणिक कहानियां पेश करने में माहिर सिद्धार्थ कुमार तिवारी एक विज़ुअली अद्भुत गाथा लेकर आए हैं जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही है। शो में अब अभिनेत्री जसविंदर गार्डनर को राजा हिमवान की पत्नी और पार्वती की मां मैनावती की भूमिका में लिया गया है। शिव शक्ति - तप त्याग तांडव एक पौराणिक शो है जो शिव और शक्ति की ब्रह्मांड की पहली प्रेम कहानी को प्रदर्शित करता है। इसकी मौजूदा कहानी में, जबकि आदिशक्ति देवताओं को बताती हैं कि वह



हिमालय के राजा हिमवान और उनकी रानी मैनावती की पुत्री पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लेंगी, भगवान शिव को भी ध्यान करते समय देवी पार्वती के रूप में शक्ति के पुनर्जन्म का एहसास होता है। चूंकि कहानी में कई उतार-चढ़ाव आने वाले हैं, मुझे ऐसे शो में शामिल होने पर बहुत गर्व और सम्मान महसूस हो रहा है, जिसने दर्शकों से ज़बरदस्त प्यार हासिल किया है। मुझे उम्मीद है कि प्यार का यह सिलसिला जारी रहेगा और दर्शक मुझे महारानी मैनावती के रूप में अपनाएंगे। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए जसविंदर गार्डनर कहती हैं, मैं पहाड़ों की रानी और राजा हिमवान की पत्नी मैनावती की भूमिका निभाती नजर आऊंगी। वह स्वधा की बेटी है, जो राजा दक्ष की बेटियों में से एक और देवी सती की बड़ी बहन है। वह पार्वती और गंगा सहित सैकड़ों बच्चों की मां हैं। उसका स्वभाव सौम्य और स्नेही है, फिर भी वह अपने बच्चों की जमकर रक्षा करती है। मैनावती के इस जटिल चरित्र को जीवंत करने के लिए, उन्होंने खुद को अपनी भावनाओं और प्रेरणाओं में डुबो दिया और उन्हें उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे, क्योंकि वह भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए बहुत प्रयास कर रही हैं। यह पूछे जाने पर कि वह अपने पिछले पौराणिक शो और इस शो के बीच अनुभव में अंतर कैसे लाएंगी, उन्होंने जवाब दिया कि हर शो में कुछ नया पेश किया जाता है। आगे उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि इस शो में चरित्र-चित्रण बहुत अलग है। इस शो का ट्रीटमेंट अनोखा और असाधारण है, जिसका श्रेय सिद्धार्थ कुमार तिवारी की शानदार दृष्टि को जाता है, जो भारत में इस शैली का चेहरा बदल रहे हैं। उनके दृष्टिकोण को जीवंत बनाना खुशी की बात है। जसविंदर इस भूमिका को निभाने के लिए उत्साहित थीं क्योंकि उनका स्वास्तिक प्रोडक्शंस के साथ लंबे समय से जुड़ाव है।

## डेज़ी शाह की किस्मत ने साथ नहीं दिया

कलर्स का 'खतरों के खिलाड़ी 13' लगातार बहादुरी के हैरतअंगेज़ कारनामे पेश कर रहा है, जिससे दर्शक हैरान रह जा रहे हैं। एक्शन के महागुरु रोहित शेट्टी के मार्गदर्शन में, भारत का पसंदीदा स्टंट-आधारित रियलिटी शो इन डेयरडेविल्स की उल्लेखनीय क्षमता और साहस को दर्शाता है। कई आश्चर्यजनक ट्विस्ट और डराने वाली चुनौतियों के साथ, यह 13वां सीज़न डर और प्रतियोगियों के बीच शानदार टकराव प्रदर्शित करता है। भले ही हर प्रतिभागी ने अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन दिया हो, लेकिन डेज़ी शाह को टीम्स वीक के दौरान शो में दोबारा एन्ट्री लेने के बाद दूसरी बार एलिमिनेशन का



सामना करना पड़ा। डेज़ी का सफर शो के पहले एपिसोड में हेलीकॉप्टर से किए गए एक रोमांचक स्टंट के साथ शुरू हुआ था और उन्होंने अपने साहस से बाकी कार्यकाल के लिए शानदार माहौल तैयार किया था। उन्होंने पहले हफ्ते में अर्जित और ऐश्वर्या से बेहतर प्रदर्शन करते हुए शो में अपनी पोजिशन का बचाव किया था और एलिमिनेशन के खतरे पर जीत हासिल की थी। वह एक झुकी हुई क्रेन पर चढ़ी थी और उस पर जगह-जगह पर लगे हुए झंडों को इकट्ठा किया था, जिसमें उनके संतुलन और ऊंचाई के डर को चुनौती दी गई थी। उसने रेप्टाइल्स, सांपों और अन्य डरावने प्राणियों के डर पर जीत हासिल करके उल्लेखनीय साहस का प्रदर्शन किया। उन्होंने बार-बार यह साबित किया कि शो में उनके इस सफर और जीत के पीछे उनकी किस्मत कभी नहीं थी, बल्कि अपने डर से बड़ा होने का उनका दृढ़ संकल्प था। अपने पहले एलिमिनेशन के बाद, उन्होंने टीम्स वीक में शो में फिर से प्रवेश किया और अपनी दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अर्जित तनेजा ने एलिमिनेशन के लिए उन्हें नामांकित किया।

## टीवी कलाकारों ने बताईं अपने-अपने शहरों के जन्माष्टमी उत्सव की बातें!

भगवान कृष्ण के जन्मदिन के अवसर पर जन्माष्टमी का त्यौहार बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। इस उत्सव को दुनिया भर में लोग मनाते हैं और हर कोई इसे अनूठे तरीके से सेलीब्रेट करता है। इस पावन अवसर पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने शहरों में होने वाले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बारे में बताया। इन कलाकारों में शामिल हैं - 'दूसरी माँ' के आयुध भानुशाली (कृष्णा), नेहा जोशी (यशोदा), आरजे मोहित (मनोज); 'हप्पू की उलटन पलटन' की गीतांजली मिश्रा (राजेश), चारूल मलिक (रूसा) और 'भाबीजी घर पर हैं' की शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी), सानंद वर्मा (अनोखे लाल सक्सेना)। का किरदार निभा रहीं नेहा जोशी उर्फ 'दूसरी माँ' की यशोदा ने कहा, ''महाराष्ट्र में जन्माष्टमी का त्यौहार काफी जीवंत तरीके से मनाया जाता है। यहाँ पर हर तरफ लोग मानव पिरामिड बनाते हुए दिखेंगे, जो कि दही हांडी तोड़ने के जोश में होते हैं। दही हांडी में दही, दूध, फल और मिठाइयाँ होती हैं।



महाराष्ट्र में जन्माष्टमी का पूरा माहौल धमाकेदार और अलौकिक होता है। नासिक में पली-बड़ी होने के कारण मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने इस अनुभव को करीब से देखा। कोने-कोने में लोग दही हांडी इवेंट के लिये इकट्ठे होते थे और जब हम छोटे थे, तब एक पल का नजारा देखने से भी नहीं चूकना चाहते थे। हम लगातार घूमते रहते थे, हर पल को सँजोते थे और यह देखने के लिये उत्सुक रहते थे कि आखिरकार हांडी को कौन तोड़ेगा। मंदिर की सजावट और भक्ति संगीत से एक अलग ही तरह का सकारात्मक वातावरण बन जाता था। मेरे लिये सबसे बड़ा आकर्षण था ढोल की थाप पर झूमना और 'गोविंदा आला रे आला' गाना। इसके बाद मैं माँ के द्वारा बनाई गई बनी पूरन पोली और पारंपरिक घरेलू पकवानों का मजा लेती थी।÷ गीतांजली मिश्रा यानी 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, ने बताया, ''जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े पैमाने पर मनाया जाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश में उसकी भव्यता अद्भुत होती है।

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर टीवी कलाकारों ने दिया शिक्षा के महत्व पर जोर!

हर साल 8 सितंबर को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य साक्षरता के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना और वैश्विक निरक्षरता की चुनौतियों तथा उनसे निपटने के प्रयासों पर रौशनी डालना है।



भारत में यह दिन शिक्षा के प्रति हमारे देश के समर्पण को दोहराने, साक्षरता से जुड़ी चुनौतियों पर जागरूकता बढ़ाने और एक ज्यादा साक्षर तथा शिक्षित समाज की दिशा में संयुक्त प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिये एक मंच का काम करता है। इस दिन के सम्मान में एण्डटीवी के कलाकार साक्षरता के महत्व पर अपने विचार रख रहे हैं। इन कलाकारों में 'एक महानायक-डा. बी. आर. आम्बेडकर के अथर्व (नन्हें भीमराव), 'दूसरी माँ' की नेहा जोशी (यशोदा), 'हप्पू की उलटन पलटन' की गीतांजली मिश्रा (राजेश सिंह) और 'भाबीजी घर पर हैं' के आसिफशेख (विभूति नारायण मिश्रा) शामिल हैं। 'एक महानायक-डा. बी. आर. आम्बेडकर' में नन्हे भीमराव आम्बेडकर की भूमिका निभा रहे अथर्व ने बताया, '' निजी सशक्तिकरण और सामाजिक विकास में साक्षरता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डा. बी. आर. आम्बेडकर ने सामाजिक प्रगति और व्यक्तिगत सशक्तिकरण के लिये साक्षरता के महत्व पर बहुत जोर दिया था। उनका मानना था कि उत्पीड़ित समुदायों का उत्थान साक्षरता से ही हो सकता है और वे अपने अधिकारों को समझने तथा प्रताड़ना के विरुद्ध लड़ने के लिये समर्थ बन सकते हैं।

## प्यार, तकरार और मनोरंजन से भरा सप्ताह!

एण्डटीवी के शो 'दूसरी माँ' में कृष्णा गुंडों से आस्था के बचाएगा, वहीं 'हप्पू की उलटन पलटन' में मलाइका को प्यार हो जाएगा और 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति अंगूरी को पटाने के लिये कव्वाली सीखेगा। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, ''मालती (अनीता प्रधान) यशोदा (नेहा जोशी) से घर वापस चलने की विनती करती है, लेकिन वह मना कर देती है और कहती है कि जब तब बाऊजी (सुनील दत्त) कृष्णा (आयुध भानुशाली) को स्वीकार नहीं कर लेते, वह घर वापस नहीं लौटेगी। अरविंद (मयंक मिश्रा) ताना मारता है कि इस बार जन्माष्टमी नहीं मनाई जाएगी, क्योंकि यशोदा घर पर नहीं है। इन तनावों के बीच, मालती लड्डू गोपाल के साथ घर में प्रवेश करती है और उत्सव शुरू हो जाता है। इसमें मनोज (आरजे मोहित) भी भाग लेता है। हालांकि, जश्न के इस माहौल में, आस्था (आद्विका शर्मा) को यशोदा की याद सताने लगती है और वह बिना किसी को बताये उससे मिलने के लिये घर से निकल जाती है। कुछ गुंडे उसका पीछे करने लगते हैं। स्थिति के खतरनाक होने के साथ ही, कृष्णा वहां पहुंच जाता है और शमशेरा (स्वतंत्र भारत) की मदद से उसे बचाने की कोशिश करता है।'' एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये मलाइका ने कहा, ''राजेश (गीतांजलि मिश्रा) और बिमलेश (सपना सिकरवार) अपने पतियों के साथ पिकनिक पर जाकर और मूवीज देखकर मौज-मस्ती से भरपूर समय बिताने का फैसला करती हैं। इस बीच, खोदी (शरद व्यास) कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) को एक पारिवारिक यात्रा का आइडिया देता है। राजेश और बिमलेश की योजनाओं से अनजान, कटोरी अम्मा रोमांचित होकर अपनी यात्रा के आइडिया के बारे में बताती हैं। हालांकि राजेश, बिमलेश, हप्पू और बेनी बहाना बनाते हैं और फिल्म देखने के लिये निकल जाते हैं।

## क्या युविका और कार्तिक की शादी होने वाली है क्योंकि वह उसके विवाह प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है?


सोनी सब का 'वंशज' महाजन परिवार के सत्ता संघर्ष और उनके जटिल रिश्तों की दिलचस्प कहानी है। अंजलि तत्रारी द्वारा अभिनीत युविका को महाजन साम्राज्य में अपनी जगह हासिल करने की कोशिश में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हाल के एपिसोड्स में, डीजे (माहिर पांधी) को कार्तिक और युविका के बीच गलतफहमियां पैदा करते हुए भी देखा गया है, जिसके कारण नील (मोहित कुमार) को लेकर उनके बीच लगातार झगड़े होते रहते हैं। महाजन परिवार के भीतर तनाव बढ़ जाता है क्योंकि युविका, कार्तिक और नील का प्रेम त्रिकोण खुलकर सामने आ जाता है। अपनी भावनाओं और कार्तिक की मांगों के बीच फंसी युविका, आखिरकार उससे शादी करने के लिए तैयार हो जाती है। इस बीच, डीजे कार्तिक को भड़काता है और उसे कनाडा में युविका के साथ बेहतर भविष्य की पेशकश करता है, और युविका से छुटकारा पाने की उम्मीद करता है। भूमि, कार्तिक से शादी करने का युविका का फैसला महाजन परिवार को बताती है और वे शादी की तैयारी करना शुरू कर देते हैं। इस बीच, नील को भी युविका और कार्तिक की शादी के बारे में पता चलता है और वह परेशानी में पड़ जाता है।



युविका का किरदार निभाने वाली, अंजलि तत्रारी ने कहा, ÷शो की आगामी कहानी युविका के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण होगी। भले ही उसने हमेशा कार्तिक के साथ जीवन जीने की कल्पना की है, लेकिन वह कई सच्चाइयों से अनजान है। रेस्तरां में आग लगने के हादसे की जांच की चुनौतियों, कार्तिक की निरंतर असुरक्षा और शादी के लिए हां कहने के फैसले से जूझते हुए, युविका के लिए यहां से आगे का सफर कई उतार-चढ़ाव भरा होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि मेरा किरदार युविका क्या चुनाव करेगी और कैसे निर्णय लेगी।÷ नील का किरदार निभाने वाले मोहित कुमार ने कहा, ÷नील को आने वाले दिनों में कुछ चुनौतीपूर्ण और संभावित रूप से दिल दहला देने वाले एहसासों का सामना करना पड़ेगा। वह युविका से बहुत प्यार करता है, और युविका व कार्तिक की संभावित शादी के बीच 'वे शादी करेंगे, वे शादी नहीं करेंगे' परिदृश्य को समझना उसके लिए भावनात्मक रूप से कठिन होगा। मैं इस अति अपेक्षित भूमिका को निभाने और इसकी जटिलताओं का समझने के लिए उत्सुक हूं।÷

## 'परिणीति' के 500 एपिसोड पूरे होने का जश्न मनाया

प्यार, धोखे और अप्रत्याशित ट्विस्ट ने छोटे पर्दे पर अपना जादू चला दिया है क्योंकि कलर्स का लोकप्रिय शो 'परिणीति' 500 एपिसोड की प्रभावशाली उपलब्धि तक पहुंच गया है। अपनी प्रभावशाली कहानी से दर्शकों का पसंदीदा बनते हुए, यह शो शादी और दोस्ती की पेचीदगियों को प्रदर्शित करता है, और परिणीत (अंचल साहू), नीति (तन्वी डोगरा) और राजीव (अंकुर वर्मा) की आपस में जुड़ी नियति की कहानी सामने लाता है। इस उलझे हुए जाल के बीच, बेस्ट फ्रेंड परिणीत और नीति को एक चौंकाने वाली बात पता चलती है और उन्हें एहसास होता है कि उन दोनों ने एक ही आदमी संजू उर्फ??राजीव से शादी की है, जिससे शो में एक बहुत ही जटिल प्रेम त्रिकोण बनता है। चूंकि शो 500 एपिसोड पूरे करने की इस अविश्वसनीय उपलब्धि का जश्न मना रहा है, यह दर्शकों को मनोरंजक कहानियों के



सप्ताह में डुबोने के लिए तैयार है। इस सप्ताह के मनोरंजक एपिसोड में, परी का जीवन अधर में लटक जाने से तनाव बढ़ जाता है। नीति के परी को खत्म करने के मनहूस इरादे भयावह मोड़ लेते हैं, जिससे अस्पताल के कॉरिडोर में धोखे का खतरनाक खेल शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे सच्चाई सामने आएगी, दर्शकों को सस्पेंस, रहस्यों और चौंकाने वाले खुलासों से घिरा एक बड़ा टकराव देखने को मिलेगा, जिससे दिल तोड़ने वाले ऐसे पल आएंगे जो कहानी को नई दिशा देंगे।500 एपिसोड पूरे होने पर शो के कलाकारों ने अपने विचार व्यक्त किए:

अंकुर वर्मा कहते हैं, ÷मैं उन क्रिए?टर्स को दिल से सलाम करता हूं जिनके अटूट समर्पण ने हमारे सफर को बढ़ावा दिया है, जिससे हम सभी को कथानक में उनके जुनून के अनुरूप काम करने के लिए प्रेरणा मिली है। दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया जबरदस्त है; यह प्रमाण है कि कड़ी मेहनत का फल अच्छा होता है। आगे देखते हुए, हम 'परिणीति' की कहानी बुनते रहने और अपने दर्शकों का मनोरंजन करते रहने के लिए उत्साहित हैं। हम

## एक नजर

### ग्रामीण डाक सेवक से शिक्षक के पद पर चयन होने पर दी बधाई

**कोण्डागांव, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर कोंडागांव में पदस्थ अजय सोडी का शिक्षक संवर्ग में चयन होने पर उन्हें डाकघर परिवार की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी गई उन्होंने विगत 5 वर्षों से डाकघर में अपनी सेवाएं दी। गत माह पूर्व शिक्षक भर्ती परीक्षा में उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त कर शिक्षक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई है, इस उपलब्धि पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा, सीरेंद्र देवांगन, उपडाकपाल शत्रुघन निषाद, डिकेश मिर्झा, नईम खान, अनिल दीवान सहित उप डाकघर कोंडागांव के कर्मचारियों द्वारा उनको बधाई दी गई एवं उनके कार्यकाल व कुशल व्यक्तित्व की प्रशंसा की गई।



### किशोर गुप्ता बने बजरंग दल के जिला अध्यक्ष

**सुकमा, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बजरंग दल जिला सुकमा छत्तीसगढ़ ने 8 सितम्बर को छत्तीसगढ़ बजरंग दल का पूरे प्रदेश में विस्तार व गठन किया जा रहा है, मुख्य कार्यसमिति के द्वारा सुकमा जिले की कार्यकारिणी में ऋषभ किशोर गुप्ता को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अतः संगठन को पूर्ण विश्वास है कि आप अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक एवं सत्यनिष्ठा से संगठन का कार्य विस्तार एवं प्रचार-प्रसार में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, हिन्दू एवं हिंदुत्व के संरक्षण संवर्धन के लिए पूर्णतः समर्पित रहेंगे। धरातल में कार्य करने वाले जिला टीम को आगे बढ़ाते हुए संजय सिंह ठाकुर - जिला उपाध्यक्ष, रवि कुमार गौतुल - जिला संयोजक, युवराज सिंह ठाकुर - जिला सहसंयोजक, योगेंद्र सिंह ठाकुर - जिला मंत्री, नरेश साहू - जिला सह मंत्री, मुन्ना गांडा - जिला गौ रक्षा प्रमुख, श्रवण गुप्ता - जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख, पंकज सोलंकी - नगर अध्यक्ष सुकमा ने सभी नवनियुक्त सनातन योद्धाओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं संगठन आपके उज्वल भविष्य की कामना करता है।



### स्थानीय अवकाश में किया गया आंशिक संशोधन

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रषासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के द्वारा 13 नवम्बर को गोवर्धन पूजा के लिए संपूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाष घोषित किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा स्थानीय अवकाश के लिए पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है, जिसके अनुसार अब गणेश चतुर्थी के अवसर पर 19 सितम्बर दिन मंगलवार, नवाखाई त्यौहार 22 सितम्बर दिन शुक्रवार और दुर्गा महानवमी 23 अक्टूबर दिन सोमवार को स्थानीय अवकाश रहेगा। उक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय एवं उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 17 लाख 49 हजार रुपए स्वीकृत

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के मार्गदर्शिका में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ के विधायक अनूप नाग की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 17 लाख 49 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया गया है। कोयलीबेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटेकापसी बाजार स्थल पर सी.सी. रोड निर्माण के लिए 05 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत बलरामपुर अम्बेडकर चौक में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख रूपये, ग्राम पंचायत मरोड़ा के पी.व्ही. 75 से हनुमान चट्टान मार्ग में 600 एम.एम. व्यास हयुम पाईप 02 नग पुलिया निर्माण के लिए 01 लाख 50 हजार रुपये, श्यामनगर पी.व्ही. 13 में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख रुपये और विवेकानंदनगर पी.व्ही. 05 में मुक्तिधाम निर्माण के लिए 04 लाख 79 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि हेतु कोयलीबेड़ा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

# मांझी-गायता-पटेल मिलन व सम्मान समारोह में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 10 सितंबर।** जिले के अंतागढ़ विधानसभा अंतर्गत आमाबेड़ा में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी बी. एस. उइके के दिशानिर्देशन में आमाबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत 23 ग्राम पंचायत के 80 ग्राम के परगना मांझी, ग्राम पटेल, गायता का मिलन समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में द्विद्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमद्ध अंतर्गत 11 सितंबर 2023 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के सम्बंध में जानकारी दी गयी। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत आगामी निर्वाचन में मतदान के महत्व को बताते हुए निष्पक्ष, भयमुक्त, बिना किसी प्रलोभन के शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। साथ ही उपस्थित सभी ग्राम गायता, पटेल, ग्रामीणों को श्वड्करूप्रदर्शनी कर दिखाया गया। उपस्थित सभी मांझी, पटेल, गायता का पारम्परिक गमछा पहना कर सम्मान किया गया। सभी उपस्थित ग्राम पटेल, गायता, कोटवारों को क्षेत्र में सभी अवैध गतिविधियों के सम्बंध में प्रशासन एवं पुलिस को अवगत कराते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विश्वास कुमार स्ठरू अंतागढ़, अमर सिदार अनु अधिकारी पुलिस अंतागढ़, उमेश चौहान तहसीलदार आमाबेड़ा, जितेंद्र साहू थाना प्रभारी आमाबेड़ा एवम समस्त पटवारी, कोटवार उपस्थित थे।





# पुलिस ने परिजनों को नहीं सौंपे कथित मुठभेड़ में मारे गए युवकों के शव

## पुलिस ने खुद ही कर दिया दाह संस्कार, वीडियो वायरल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 10 सितम्बर।** जिले के ग्राम ताड़मेटला के दो युवक सोड़ी कोसा एवं रवा देवा को कथित मुठभेड़ में मार डालने के बाद कल यानि 8 सितम्बर को पुलिस दोनों की शव गांव ले जाकर खुद पुलिस दहन कर दी। इसका वीडियो जारी हुआ है, जिसमें पुलिस जबरन लाशों को जलाते हुए दिख रही है और ग्रामीण इसका विरोध कर रहे है। अब तक देखने में आया है कि ऐसे मारे गये लागों की लाशों को पुलिस उनके परिजन या उनके गांव के लोगों को सौंप देती है पर यहां बिल्कुल उल्टा हुआ है। मैंने अपने बयान में इस मुठभेड़ को फर्जी बताया था और इसके पीछे कारणों का उल्लेख किया था। पुलिस प्रशासन जितना इस घटना को दबाने की कोशिश करेगा उससे ज्यादा शंका व आरोपों के घेरे में रहेगी।और यही हो रहा है।

कवासी लखमा यहां से विधायक हैं और सरकार में जिम्मेदार मंत्री है, इस घटना के लिए उत्तरदायित्व लेते हुए जॉच की घोषणा करना चाहिए। क्यों कि पिछले चुनाव में उन्होंने जो मुख्य वादे किये थे। उसमें यह भी है कि किसी को भी पकड़कर मारेंगे नहीं और न ही जेल में डालेंगे। बल्कि जेलों में बंद हैं उनको रिहा करायेंगे आदि।ये सारे वादों में एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। अब जबकि उनका कार्यकाल खत्म हो रहा है जो भी वक्त बचा है इसका उपयोग करते हुए इस घटना की निष्पक्ष जांच करायें। फिर इस संदर्भ में सवाल उठता है कि सिलगेर जैसे गोलीकांड में 4 व्यक्ति मारे गये थे, उसकी मजिस्ट्रेयल जॉच की गई और अब तक उस जॉच को सार्वजनिक नहीं किया गया है।इस घटना में मारे गए दो निर्दोष व्यक्तियों के परिजनों को भी न्याय मिलेगा इसकी उम्मीद इस सरकार से तो बिल्कुल नहीं है।

# एनएमडीसी आईटीआई भांसी के 12 छात्रों का कैंपस चयन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 10 सितम्बर।** एनएमडीसी आईटीआई, भांसी में 9 सितम्बर को बनारसवाला वायरमेश प्राइवेट लिमिटेड (बीडब्ल्यूएम), कोयम्बटूर, तमिलनाडु÷ के द्वारा ऑनलाइन कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इस कैंपस में बनारसवाला वायरमेश प्राइवेट लिमिटेड, कोयम्बटूर, तमिलनाडु से मुकेश सिंह, मैनेजर (एच आर ) शामिल हुए जिन्होंने कंपनी के बारे में तथा उसके क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया। इस कैंपस ड्राइव में साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर कुल 12 छात्रों का चयन कंपनी के द्वारा किया गया।

इन छात्रों को कंपनी शुरुआत में एक वर्ष के प्रशिक्षण अवधि के दौरान 18, 500 रूपए मासिक प्रदान करेगी, साथ ही पीएफ, मेडिकल आदि सुविधाएं भी मुहैया कराएगी द्य एक वर्ष की सफल ट्रेनिंग के उपरान्त इन उमीदवारो को कंपनी पे रोल पर नियमित कर्मचारी के रूप में रखा जायेगा एवं अन्य भत्ते भी प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम में धर्मेंद्र आचार्य, महाप्रबंधक कार्मिक, एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम बचेली काम्प्लेक्स ने सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को सफल होने की शुभकामनायें दी। एनएमडीसी लिमिटेड, बीआईओएम बचेली काम्प्लेक्स के अधिशासी निदेशक बी. वेंकटेश्वरलु के द्वारा सभी चयनित छात्रों को बधाई दी गई, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि भविष्य में संस्था में और भी इस तरह के आयोजन कराये जायेंगे ताकि संस्था में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा नए अवसर उपलब्ध हों।

# ब्लाक स्तरीय प्रदर्शनी व मेला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 10 सितम्बर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय गणित व विज्ञान से संबंधित कवाड़ से जुगाड़ टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टी.एल.एम.) एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद बहुउद्देशीय युवा प्रशिक्षण केन्द्र सुकमा में किया गया। कबाड़ से जुगाड़ टी.एल.एम. के अंतर्गत प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। जिसमें विज्ञान विषय में प्रथम स्थान संकुल केन्द्र सुकमा द्वितीय स्थान संकुल केन्द्र नीलावरम व गणित विषय में प्रथम स्थान संकुल केन्द्र कुडमेलपारा द्वितीय स्थान संकुल केन्द्र सोनाकुकानार तथा क्वीज प्रतियोगिता अंतर्गत एलिमेंट्री स्तर पर विज्ञान विषय में प्रथम स्थान कुमारी दिव्या सोडी मा.शा. बोरगुडा, द्वितीय स्थान कुमारी मोनिका बघेल स्वा.आ.उ.हि.मा.वि.क.शि.प. सुकमा व गणित विषय में प्रथम स्थान लोपामुद्रा बारे शास.क.उ.मा.वि. सुकमा द्वितीय स्थान योगेश सोड़ी स्वा.आ.उ.हि. मा.वि. सुकमा ने प्राप्त किया। सेकेंडरी स्तर पर विज्ञान विषय में प्रथम स्थान कुमारी दिव्या नाग स्वा.आ.उ. हि.मा.वि. गादीरास द्वितीय स्थान कुमारी रामवती बालिका आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन सुकमा व गणित विषय में प्रथम स्थान कुमारी सरोज यादव स्वा.आ.उ.हि.मा.वि. मुरताँडा, द्वितीय स्थान कुमारी याचना पटेल स्वा.आ.उ.हि.मा.वि. कोर्स ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगन्नाथ साहू नगर पालिका अध्यक्ष सुकमा, विशेष अतिथि राजेश नारा छत्तीसगढ़ योग आयोग सदस्य आयशा हुसैन नगर पालिका उपाध्यक्ष सुकमा, सीताराम राणा ए.पी.सी. जिला सुकमा, आशीष राम ए.पी.सी. जिला सुकमा और समस्त संकुल समन्वयक विकासखंड सुकमा, समस्त संकुलों के शिक्षक व बच्चें उपस्थित थे।

# डीआरजी जवान के बच्चे का सफल इलाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 10 सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक सुकमा के प्रयास से विभाग में पदस्थ डीआरजी जवान के बच्चे का सफल आपरेशन करवाया गया। मासूम बच्चा सिकलसेल बीमारी से पीड़ित होकर ÷ एसप्लीन÷ के साईज बढ़ने के कारण गंभीर पीड़ा से परेशान था। बच्चे की पीड़ा व जवान सहित परिवार की परेशानी को देखकर तत्काल संज्ञान लिया।

जिला सुकमा में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ माड़वी मुत्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण के समक्ष उपस्थित होकर अपने मासूम बच्चे के लगातार किसी शारीरिक पीड़ा से परेशान रहने के कारण हर दो माह मे ब्लड़ की आवश्यकता होने व लगातार जवान द्वारा अपने स्तर ईलाज कराने के बावजूद बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के कारण स्वयं परिवार सहित मानसिक तौर पर अत्यधिक तनावग्रस्त रहने और परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने संबंधी जानकारी से अवगत कराने पर पुलिस अधीक्षक सुकमा द्वारा बच्चे की स्थिति व जवान की मानसिकता को संज्ञान में लेकर अधिनस्थ अधिकारियो/कर्मचारियो के माध्यम से बच्चे को राजधानी रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल मे बेहतर ईलाज हेतु भर्ती कराया गया था। विशेषण डॉक्टरो द्वारा परीक्षण करने पर बच्चे को जन्म से सिकलसेल से ग्रसित होने के कारण पेट में ÷एस्प्लीन÷ का साईज बढ़ जाने के कारण बच्चे को तकलीफ होना व स्वास्थ्य लाभ हेतु आपरेशन की आवश्यकता होना बहुत जरुरी है। पुलिस अधीक्षक सुकमा के प्रयास से शनिवार को बच्चे का सफल ऑपरेशन कर निकाल गया जिससे को एक नया जीवन मिला है।

## समाचार संक्षेप

### शासकीय पॉलीटेक्निक में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए 11 सितम्बर तक रजिस्ट्रेशन

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में प्रवेश के अंतिम अवसर के लिए 09 से 11 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन कराना होगा तथा आबंटित सीटों पर 14 एवं 15 सितम्बर को प्रवेष लिये जा सकेंगे। डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स में प्रथम वर्ष में प्रवेश सीजी पीपीटी-2023 या कक्षा 10वीं के आधार पर होगी, जबकि डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स के द्वितीय वर्ष (लैटरल एंट्री) में प्रवेश दो वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण या कक्षा 12वीं उत्तीर्ण भौतिक, गणित और रसायन, बायोलॉजी, तकनीकी व्यावसायिक विषय, एग्रीकल्चर, कम्प्यूटर साइंस, इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी, इंफोर्मेटिक प्रेक्टिस, इलेक्ट्रॉनिक्स, जैव प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग ग्राफिक्स, एंटरप्रेत्योरषिप, बिजनेस स्टडीज के आधार पर ऑनलाईन काउंसलिंग द्वारा होगी। शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य से मिली जानकारी अनुसार वर्तमान में शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में मेकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कोर्स संचालित है। विस्तृत जानकारी के लिए संचालनालय तकनीकी शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ के वेबसाइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

### प्रयास, मेहनत कर अपनी खेल प्रतिभा को बेहतर करें: जैन



**जगदलपुर, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर के लालबाग में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन में संसदीय सचिव श्री रेखचन्द जैन ने कहा कि प्रयास, मेहनत कर अपनी खेल प्रतिभा को बेहतर करें सभी खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करें। इस अवसर पर इन्द्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री राजीव शर्मा भी उपस्थित थे। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खिलाड़ी को अपना हुनर दिखाने के लिए खेलना जरूरी है।अपने-अपने स्तर पर सभी खिलाड़ी जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए है,यहाँ से जीतकर संभाग स्तरीय में प्रतिस्पर्धा करेंगे,सभी अपना बेहतर प्रदर्शन करें। सभी खिलाड़ियों को इसके लिए शुभकामनाएं। लालबाग मैदान में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का समापन में बारिश की वजह से विजेताओं को प्रतीकात्मक रूप से पुरुस्कार का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें गिल्ली डंडा में जगदलपुर विकासखंड, कब्बड्डी पुरूष(0-18 वर्ष)में बस्तर और महिला(18-40वर्ष) में दरभा विकासखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अन्य खेल विधाओं के विजेताओं को विकासखंड स्तर पर पुरुस्कार वितरण करने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, एसडीएम श्री नंद चैबे, खेल अधिकारी श्री राजेंद्र डेकाटे सहित अन्य अधिकारी और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने किया शुभारंभ

# पहले दिन पुरुष वर्ग की स्पर्धाएं, तीनों विखं व नगर से खिलाड़ी ले रहे भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 10 सितम्बर।** जिला मुख्यालय स्थित कुम्हाररास खेल मैदान में जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आज आगाज हुआ। सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में तीनों विकासखण्ड सहित सुकमा नगरीय निकाय के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें प्रथम दिवस पर पुरूष वर्ग के खेल आयोजित किए गए। 100 मीटर दौड़ से इस प्रतिस्पर्धा का आगाज हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि ने क्लेप देकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साहू ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को पुनः जीवंत करने का सफल प्रयास है। जिन खेलों से आज की नई पीढ़ी अनजान थी, इस ओलंपिक की बदौलत बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इससे इन पारंपरिक खेलों के प्रति युवाओं का रूझान निश्चित रूप से विकसित हुआ है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संभाग एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सुकमा जिला के साथ ही अपने परिवार जनों और गुरूजनों का नाम रोशन करने की शुभकानाएं दी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने ''छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023'' का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूआत राजीव युवा मितान क्लब स्तर से हुई और इसके बाद जोन स्तर, फिर विकासखण्ड, नगरीय क्लस्टर स्तर से होते हुए जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर सदस्य छत्तीसगढ़ योग आयोग राजेश नारा, मनोज चौरसिया, सत्येनद्र गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित एसडीएम सुश्री प्रीति दुर्गम, जिला खेल अधिकारी वीरुपाक्ष पुराणिक और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### श्रीचंद सुन्दरानी की टिकट के लिए सिन्धी पंचायत ने की जामवाल से मुलाकात

**रायपुर 10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के चुनाव प्रभारी श्री गोविन्द वाधवानी एवं प्रदेश महामंत्री श्री इन्दर डोडवानी ने अपनी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया की आज भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल जी से मिलकर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक श्रीचंद सुन्दरानी को उत्तर विधानसभा से प्रत्याशी बनाये जाने की मांग की श्रीचंद सुन्दरानी जी प्रदेश सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष के साथ 45 वर्षो से भारतीय जनता पार्टी के कार्य कर रहे हैं उनका इतिहास सम्पूर्ण संघर्ष का रहा है हम पार्टी को विशवास दिलाते हैं की सम्पूर्ण समाज पुरे प्रदेश में भाजपा को जिताने का कार्य करेगा आज श्री अजय जामवाल जी से समाज के लगभग 200 प्रमुख व्यक्तियों ने उनसे मुलाकात कर ज्ञापन सौपा जिनमे प्रमुख रूप से मुखी मुरली केवलानी (पूज्य पंचायत शंकर नगर) श्री प्रहलाद शादीजा, श्री अशोक माखीजा, श्री मुरलीधर शादीजा, श्री किशोर आहूजा, श्री किशोर सेतपाल (तिल्दा) श्री छमनलाल खुबचंदानी, श्री प्रेम बिरनानी, श्री मुखी मोहन तेजवानी, मुखी अप्पू वाडिया, श्री रमेश मिरघानी, श्री चेतन तारवानी, श्री राजेश वासवानी, मुखी झामनदास बजाज, श्री जीतेन्द्र बड़वानी, श्री राजेश गुरनानी, श्रीमती भावना कुकरेजा, श्रीमती अंशिता मनुजा एवं समाज के अन्य सम्मानित सदयों ने भेंट की।

### जी-20 को अब दुनिया भर में महिलाओं, बच्चों व किशोरों के स्वास्थ्य एवं कल्याण की दिशा में कार्य करना चाहिए

**रायपुर 10 सितंबर।** वैश्विक स्तर पर सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की दृष्टि से महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य में निवेश करना बेहद महत्वपूर्ण है। हर वर्ष, सभी जी20 देशों में कुल मिलाकर लगभग दो मिलियन माताओं, नवजात शिशुओं, बच्चों और किशोरों की मौतें होती हैं। इनमें मृत बच्चों का जन्म भी शामिल है। इन सभी मौतों को रोका जा सकता है। (1, 2) हाल के वर्षों में, इन नकारात्मक परिणामों के प्रमुख कारकों में चार सी शामिल हैं~ कोविड-19, संघर्ष (कनफ्लिक्ट), जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) और जीवनयापन की बढ़ती लागत का संकट (कॉस्ट ऑफ लिविंग क्राइसिस)। इन कारकों ने सुंयुक्त रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को भारी नुकसान पहुंचाया है। प्रणालीगत भेदभाव और मौसम की चरम घटनाओं, खाद्य असुरक्षा एवं गरीबी में वृद्धि महिलाओं, बच्चों व किशोरों की स्वास्थ्य संबंधी प्रगति में प्रमुख बाधाएं हैं। वर्ष 2000 में, जलवायु संबंधी आपातकाल दुनिया भर में 150,000 से अधिक मौतों और वैश्विक स्तर पर बीमारी के बढ़ते बोझ का जिम्मेदार बना था। इस बोझ का 88 प्रतिशत हिस्सा बच्चों पर पड़ा था। (3,4) एक अनुमान के अनुसार जलवायु आपातकाल से विस्थापित होने वाले लोगों में से 80 प्रतिशत महिलाएं हैं और इसका मुख्य कारण लैंगिक आधार पर होने वाली आर्थिक एवं सामाजिक असमानताएं हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत तेंदुकोना में स्कूली छात्राओं ने दिया मतदान का संदेश



**महासमुंद 10 सितंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी निर्वाचनों में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदुकोना में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को सभी निर्वाचनों में शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान सभी ने एक साथ मिलकर मानव श्रृंखला के जरिये ÷मतदान÷ की आकर्षक आकृति निर्मित की।स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के लिए एक संक्षिप्त नाम है। यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है।

### भारत से कांग्रेस को नफरत क्यों?

**रायपुर 10 सितंबर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने कहा कि कांग्रेस देश का नाम बदल कर भारत रखने की खबर से पूरी तरह घबरा गई है। घमंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी के नेता भारत नाम का विरोध कर रहे हैं। उनमें डर समाया हुआ है कि अगर ऐसा हुआ तो भाजपा को बड़ा जनाधार मिल जाएगा। जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा मोदी जी के काम पर देश की जनता का समर्थन पहले से ही हासिल किए हुए है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सवाल कर रही है कि भारत नाम से आखिर उनको भी इतनी परेशानी क्यों है? क्या मुख्यमंत्री बघेल को भारतीय कहलाने में शर्म आती है? जनता देश का नाम इंडिया के बदले भारत रखने का समर्थन कर रही है। कांग्रेस सहित देश विरोधी तमाम पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। अगर भारत नाम से एतराज है तो राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा नाम क्यों रखा?

# नाराज नेताओं को मना लेंगे:अरुण साव

## राजिम विधानसभा चुनाव कार्यालय का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने किया उद्घाटन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 10 सितंबर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव आज राजिम विधानसभा केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए पूरे जोश के साथ मैदान में अब उतर चुकी है। विधानसभा कार्यालय राजिम के उद्घाटन पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार को झूठ फरेब वाली सरकार बताया है।साव ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में झूठ फरेब वाली सरकार चल रही है। यहां के मुख्यमंत्री इतना अधिक झूठ बोलते हैं कि गधे को भी ज्वर आ जाये। जब हम सुबह उठकर राम राम कहते हैं उस समय यहां के मुख्यमंत्री झूठ बोलने के लिए निकलते हैं वाह भूपेश बघेल हम छत्तीसगढ़ के गांव में रहने वाले लोग हैं। आप छत्तीसगढ़िया लोगों को बासी खाना सीखा रहे हैं जैसे बासी की उत्पत्ति तो आपके मुख्यमंत्री बनने के बाद ही हुई है। आपके मुख्यमंत्री बनने से पहले छत्तीसगढ़ के लोग बासी खाना नही जानते थे। छत्तीसगढ़िया लोग हरेली तिहार और गेड़ी चढ़ना नही जानते थे। ऐसा प्रचारित करने काम छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने किया है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने काम के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया। मुख्यमंत्री भूपेश काम के नाम पर छत्तीसगढ़ को चारों तरफ से केवल लूटने का काम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ को भूपेश बघेल ने पूरे देश में बदनाम कर दिया है। कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला, जमीन घोटाला, डीएमएफ घोटाला, गौठान में घोटाला। इस घोटालेबाज सरकार ने तो गोबर में भी घोटाला करने का काम कर दिखाया है। साव ने रोका छेका अभियान को असफल बताया उन्होंने कहा कि यह रोका छेका की बात करते है। जिसके लिए गौठान बनाये हैं। आज गौठान सुनसान पड़े हैं। सड़कों पर गाय बैल बैठे हुए हैं। सड़क गौठान बन गया है। सड़कों पर गायों की मौत हो रही है। लेकिन ये सरकार गाय और गोबर के नाम पर भी भ्रष्टाचार करने से पीछे नही हटी।

अरुण साव ने मुख्यमंत्री भूपेश के पौने पांच साल के कार्य को लेकर कहा कि इस कांग्रेस की सरकार ने एक भी वादा पूरा नही किया। प्रदेश में विकास कार्य पूर्ण रूप से ठप्प पड़ गया है। एक रुपये का विकास कार्य इस सरकार ने नही किया है और इनके घोषणावीर मुख्यमंत्री रोज घोषणा पर घोषणा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है। हत्या, लूट, दुष्कर्म की घटनाएं प्रतिदिन हो रहे है लेकिन यहां के मुख्यमंत्री चेहरा चमकाने में लगे हैं आज छत्तीसगढ़ की बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं। जिसके लिए जिम्मेदार ये कांग्रेस की सरकार है।

## समाचार संक्षेप

### मोर के बच्चे की जान बचा वन विभाग को सौंपा



**डोंगरगढ़ 10 सितंबर।** जाको राखे साइयां मार सके ना कोई यह कहावत जंगल से भटके राष्टीय पक्षी मोर के बच्चे के साथ घटित हुई और नगर के वार्ड न. 23 के रहने वाले रमेश लोहार (ईच्चु) पिता स्व बकाराम लोहार के द्वारा जंगली कुत्तो से मोर के बच्चे की जान बचा कर वन विभाग डोंगरगढ़ को सौंपते हुए मानवता का परिचय दिया है। जहाँ से वन विभाग की टीम के द्वारा मोर को वन चेतना केंद्र मनगटा ले जाया गया। रमेश लोहार ने बताया कि रोज की तरह बकरी चराने जंगल की ओर गया था कि कुत्तो की आवाज पर देखा कि मोर के दो बच्चों को झुंड शिकार बनाने की कोशिश कर थे व एक बच्चे को अपना शिकार बना लिया जबकि एक बच्चे को बचाने में सफल हो सका व इसकी जानकारी तरुण छत्तीसगढ़ के सवांददाता प्रमोद शुक्ला को देते हुए जानकारी वन विभाग के रेंजर अनिल बोम्बार्डे व पुष्पेंद्र गोस्वामी को दी गई. मोर के बच्चे की खबर आते ही डोंगरगढ़ वन विभाग की एसडीओ पूर्णिमा राजपूत ने तत्काल दीपक कुमार बोस डिप्टी रेंजर, शिवचरण यादव वनपाल, राजकुमार श्याम,विजय वैस,नरसिंग नेताम चौकीदार,रमेश पटेल चौकीदार को भेज मोर के बच्चे को सुपुर्द लिया गया। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने राष्टीय पक्षी के प्राण बचाने के लिए रमेश लोहार का आभार प्रकट किया है।

### शिक्षक दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



**बीजापुर 10 सितंबर।** 5 सतम्बर से शिक्षक दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जेएसएस बीजापुर द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्था से जुड़े प्रशिक्षकों का सम्मान करना था साथ ही बच्चों को नवाचार के लिए प्रेरित करना था। जन शिक्षण संस्थान बीजापुर कौशल विकास एंव उधमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्प्रेषित संस्थान है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्था भोपाल द्वारा किया जा रहा हैं। संस्था का उद्देश्य जिले के कम पढ़े-लिखे नवसाक्षर 10 वीं, 12 वीं उर्त्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनकी रूचि अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्व-रोजगार से जोड़कर उनके आय में वृद्धि कराना है। साथ ही उनकी स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को सशक्त करना है जिससें उनका सर्वागीण विकास हो सके और समानतामूलक समाज की स्थापना हो। इस दौरान निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में किया गया- 1 सेल्फ़ी विद रिसोर्स परसन, 2 निबंध प्रतियोगिता इसके पश्चात श्री अभिषेक अवस्थी (निदेशक, जन शिक्षण संस्थान) ने उदबोधन में कहा कि स्रोत व्यक्तियों को कौशल शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए स्वयं के अंदर प्रतिस्पर्धा का मन में भाव होना अत्यंत आवश्यक है तभी हम दूसरो से बेहतर अपने कार्यों को कर सकते है। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षकों को सम्मान पत्र देकर अनुग्रहित किया गया साथ ही उपस्थित सभी रिसोर्स पर्सन्स को उपहार दिए गए। उक्त कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के समस्त स्टॉफ व रिसोर्स परसन का विशेष सहयोग रहा।

### चेम्बर ने अधिकारी को परिवहन फिटनेस संबंधी समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया

**रायपुर 10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद



गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा आटोमोटिव फिटनेस सेंटर खोले जाने के पश्चात वाहनों की फिटनेस करने में ट्रक व ट्रेलर यूनियनों द्वारा लगातार आ रही शिकायतों को मध्य नजर रखते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ट्रांसपोर्ट चेम्बर ने ट्रक व ट्रेलर यूनियनों के पदाधिकारी के साथ एक टीम का गठन किया व टीम द्वारा औचक ऑटोमोटिव फिटनेस सेंटर जाकर ट्रक मालिकों व ट्रक ड्राइवर को हो रही परेशानियां के बारे में समझा। उसके पश्चात सभी परेशानियों व विसंगतियों को विस्तृत रूप से अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया। जिनमें से प्रमुख शिकायतें स्पीडोमीटर जांच, वायु प्रदूषण जांच, हॉर्न जांच, बढ़ी हुई फिटनेस की फीस एवं प्रमुख मांग सलोट अलॉटमेंट को लेकर थी। परिवहन अधिकारी श्रीमान कीर्ति मानसिंह राठौर जी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर के अधिकारी को बुलाकर तत्काल आ रही परेशानियों को दूर करने के निर्देश दिए व आश्वस्त किया की भविष्य में दोबारा यह समस्याएं नहीं होगी। कुछ शिकायतों का समाधान प्रशासन से विचार-विमर्श करने का आश्वासन दिया।

# महासमुंद विधानसभा में 10 से 17 सितंबर तक विविध संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन:चंद्रहास चन्द्राकर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुन्द 10 सितंबर।** महासमुन्द विधानसभा समन्वय समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ को, महासमुन्द विधानसभा सभा के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रहास चन्द्राकर ने महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र में 10 से 17 सितंबर तक होने वाले विधानसभा स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया कि महासमुन्द विधानसभा में 11 सितंबर को पश्चिम बंगाल के विधायक नरहरि महतो जी का जिला भाजपा कार्यालय में सुबह 11 बजे आगमन होगा। आगामी विधानसभा को देखते हुए छत्तीसगढ़ में प्रवासी विधायको का आगमन प्रदेश में होने जा रहा है जिसमे महासमुन्द में विधायक नरहरि महतो जी की उपस्थिति में विधानसभा स्तर पर संगठनात्मक कार्यक्रम सम्पन्न होगा। विधानसभा संयोजक चंद्रहास चन्द्राकर ने उपस्थित समन्वय समिति के सदस्यों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 11 सितंबर को सुबह 11 बजे से विधानसभा समन्वय समिति के बैठक के पश्चात सोशल मीडिया समीक्षा,दोपहर भोज पश्चात भाजपा एवं युवामोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ दीवार पेंटिंग ,और कार्यकर्ताओं के साथ अनौपचारिक बैठक का आयोजन होना है बैठक पश्चात सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के साथ बातचीत पश्चात विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख वरिष्ठ कार्यकर्ताओ से चर्चा पश्चात रात्रिभोज के साथ प्रथम दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। संयोजक चंद्रहास ने कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए हम सभी का दायित्व है कि हम अपने विधानसभा के प्रत्येक बूथ में कमल खिलाने समर्पित भाव से लगे रहे। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने में हम जिले की चारो विधानसभा सीट जीतकर देंगे ये हम सभी के सामूहिक प्रयास से ही सफल और सम्भव होगा पार्टी। चंद्रहास चन्द्राकर ने आगामी 17 सितंबर तक विधानसभा,मण्डल,शक्तिकेंद्रएवम बूथ स्तर पर होने वाले सभी प्रमुख कार्यक्रमो और उनके प्रभारियों सहित कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख पदाधि कारियो वक्ताओं के बारे में जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुटता से शामिल होकर कार्यक्रमो को सफल बनाने का आह्वान किया साथ ही कहा की पिछले लगभग 5 साल की भुपेश सरकार में प्रदेश का हर वर्ग छला गया है और प्रदेश की कांग्रेस सरकार के द्वारा किये गए वादाखिलाफी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनता में जबरदस्त आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

चुनावी शंखनाद परिवर्तन यात्रा के साथ पूरे प्रदेश में शुरू हो रहा है। आगामी चुनावो में हर बूथ पर विजय हम सभी का लक्ष्य और संकल्प है। विधानसभा समन्वय समिति के सह संयोजक सन्दीप दीवान ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि केंद्र में यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के सरकार ने 9 सालों में भारत को विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति पर खड़ा किया है।

### नेशनल लोक अदालत में 1213 लंबित मामलों का निराकरण एवं 6,01,32957 रुपये के अवार्ड पारित

**महासमुन्द10 सितंबर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद, (छ0ग0) के सचिव, श्री दामोदर प्रसाद चन्द्रा द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश, श्री भीष्म प्रसाद पांण्डेय, के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन आज 09 सिंतबर 2023 दिन शनिवार को जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम, जिला पंचायत एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 24 खण्डपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार प्री-लिटिगेषन संबंधीत मामलों में विभिन्न बैंकों रिकव्हरी के कुल 14 प्रकरण, विद्युत संबंधित 66 प्रकरण, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के सम्पति कर व जल कर के एक तथा श्रम विभाग से संबंधित 885 प्रकरणों एवं जिला पंचायत मनरेगा के 18,767 प्रकरणों का निराकरण किया गया ।

# गलगम मिलिशिया सदस्य एवं सीएनएम सदस्य ने किया आत्मसमर्पण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 10 सितंबर।** छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उसूर एरिया कमेटी अन्तर्गत गलगम आरपीसी मिलिशिया सदस्य मंगू नुप्पों पिता जोगा नुप्पो उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी गलगम वेंगुपारा थाना उसूर जिला बीजापुर, गलगम सीएनएम सदस्य हड़मा नुप्पो पिता कोसा नुप्पो उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी वेंगुपारा थाना उसूर जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 09/09/2023 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, उप पुलिस अधीक्षक आप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक श्री विनीत साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।

**मंगू नुप्पो पिता जोगा , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-** वर्ष 2009 में गलगम आरपीसी में बाल संघम सदस्य के पद पर संगठन में शामिल हुआ । वर्ष 2011 में गलगम मिलिशिया सदस्य का कार्य दिया गया । माओवादियों के लिये चांवल दाल एकत्रित करना, संत्री/पेट्रोलिंग, पुलिस बल की रेकी करना, मीटिंग के लिये ग्रामीणों को एकत्रित करने का कार्य आदि । उक्त के विरूद्ध थाना उसूर में 01 स्थाई वारंट लंबित है ।

**महत्वपूर्ण घटनाओं में शामिल-** वर्ष 2019 में उसूर- गलगम मार्ग पर गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल ।

**हड़मा नुप्पो पिता कोसा , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-** वर्ष 2016 में गलगम आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष द्वारा बाल संघम के पद पर संगठन में भर्ती किया गया । वर्ष 2019 में संगठन में सीएनएम सदस्य का कार्य दिया गया । थाना उसूर में उक्त के विरूद्ध अपहरण एवं मारपीट की धारा में 01 स्थाई वारंट लंबित है ।

**संगठन छोड़ने का कारण-** संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उसूर एरिया कमेटी अन्तर्गत उपरोक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । उपरोक्त माओवादी द्वारा आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000 -25000 रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

# प्रदेश में यात्री ट्रेनें रद्द होने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित 9 सांसद मौन क्यों हैं : कांग्रेस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर शनिवार को ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है। वर्षो से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय हुआ करता था जिसे मोदी राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करके निजी हाथों में बेचने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई कारण बताये, बिना किसी ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। रेलवे द्वारा यात्री ट्रेनों को महिनों, हफ्तों तक बंद करने का फर्मान जारी कर दिया जाता है । महिनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन कराये नागरिकों की परेशानी से रेलवे को और केंद्र सरकार कोई मतलब नहीं रहता है। रेलवे यात्रियों के लिये कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है। देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधायें इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है । यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले कर सके । मोदी सरकार के पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठा कर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही। आजादी के बाद से रेलवे का अलग बजट बनाया जाता था, लेकिन मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है और बाद में रेल को निजी हाथों में सौंपा जा सके इसका रास्ता बना रही है। पिछले साढ़े तीन साल में 67382 ट्रेनों को रद्द किया गया, आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षवार निरस्त हुई ट्रेनों की पूरी जानकारी वर्ष 2022 में 2474 ट्रेनें निरस्त की गई वर्ष 2020 में 32757 ट्रेनें निरस्त की गई। वर्ष 2021 में 32151 ट्रेनें निरस्त की गई वर्ष 2023 में (अप्रैल माह तक) 208 ट्रेनें निरस्त की वर्तमान में 24 ट्रेनें अगस्त 2023 के अंतिम तक रद्द की गयी है । भाजपा राज में रेलवे में मिलने वाली बुजुर्गो की छूट खा गए, छात्रों को मिलने वाली रियायत खा गए, किराए में बेतहाशा वृद्धि, प्लेटफार्म टिकिट तक में कई गुना वसूली, दैनिक यात्री सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी, पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं, कामगार नौकरीपेशा आम यात्री सभी मोदी राज़ में उपेक्षा पीड़ित और प्रताड़ित है। छत्तीसगढ़ के लाखों रेल यात्रियों, छोटे कामगार, नौकरीपेशा, छात्र छात्राएं, स्टेशन के कुली और आटो चालकों की समस्या पर भाजपा नेता मुंह में दही जमाकर बैठे हैं। मोदी शाह के अधिनायकवाद के डर से वरिष्ठ भाजपा जनप्रतिनिधि भी जनता के प्रति अपने कर्तत्व्य निभाने से भाग रहे हैं।

बिलासपुर रेलवे जोन जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ आता है यहां से केवल माल भाड़े से केंद्र की मोदी सरकार 20000 से 22000 करोड रुपए हर साल कमाती है। लेकीन जब सुविधा देने की जब बारी आ रही है तो विगत 9 साल से मोदी राज में छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को केंद्र की उपेक्षा ही मिली है। भाजपाई बताएं कि छत्तीसगढ़ के यात्रियों से आखिर किस बात का बदला ले रही है मोदी सरकार ? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दर्जनों बार देश के प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था को दुरुस्त करने अनेकों पत्र लिखा है लेकिन छत्तीसगढ़ के प्रति केंद्र की उपेक्षा, भेदभाव और अव्यवस्था यथावत जारी है। केंद्र की मोदी सरकार को देश भर में सबसे ज्यादा कमाई करके देने वाले बिलासपुर जोन, जिसके अंतर्गत पूरा छत्तीसगढ़ आता है वहीं के यात्रियों को सुविधा से वंचित और उपेक्षित रखा जा रहा है। भाजपाई बताए कि अचानक दर्जनों ट्रेनें निरस्त करके प्रताड़ित करने का कारण क्या है? पूर्ववर्ती सरकारें रेल्वे को नागरिकों की सुविधा के लिये चलाती थी, मोदी सरकार कमाने के लिये जनता को लूटने के लिये इस्तेमाल कर रही। देश भर में कोरोना के सारे प्रतिबंध हटा दिये गये लेकिन रेल्वे कोरोना के नाम पर जनता को मिलन वाली सारी सुविधाये बंद कर दिया । वृद्ध, विकलांग, छात्रों की सुविधायें हटा दिया। रेल्वे स्टेशन पर टिकिट बिक्री बंद कर टिकिटों के दाम बढ़ा दिया गया। भाजपा और केंद्र दावा करता है कि मेन्टेनेंस के कारण ट्रेन रद्द होती है। ट्रेन मेन्टेनेंस के कारण ट्रेनों को रद्द किया गया है तो फिर उसी रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ियों का परिचालन कैसे किया जा रहा है।

# एक नजर

## 11 सितम्बर को 8 सौ से अधिक पदों पर भर्ती के लिए कैम्पस इंटरव्यू

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में द-प्लेसर अंतर्गत सुजुकी मोटर गुजरात प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 11 सितम्बर 2023 को सत्र 2017 से 2023 में एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसायों फिटर, मेकेनिक डीजल, मोटर मेकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल्स एण्ड डाईमेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई ऑटोमोबाइल, ट्रेक्टर मेकेनिक एवं पेंटर जनरल में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के कुल 850 पदों के लिये कैम्पस इंटरव्यूह का किया गया है। जिसमें सत्र 2017 से 2023 तक उपरोक्त व्यवसायों में उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों केम्पस इंटरव्यूह में अधिक से अधिक संस्था में उपस्थिति होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सके। विस्तृत जानकारी आईटीआई बलौदाबाजार में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

## आपदा पीड़ित 7 परिवारों को 28 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 7लोगों के निकट परिजनों के लिए 28 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 6 सितम्बर एवं 8 सितम्बर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में मालती पति स्व. रतिराम निवासी ग्राम अवराई, तहसील कसडोल, अशोक कुमार पिता छेदूराम, निवासी ग्राम मल्दा तहसील कसडोल, निराबाई पति स्व. रामप्यारे निवासी ग्राम हसुवा तहसील टुण्डरा, बोटबाई पति स्व. धीरज सिंह निवासी ग्राम दर्रा म तहसील टुण्डरा, करण दास मानिकपुरी पिता स्व. महेन्द्र दास मानिकपुरी निवासी ग्राम हसुवा, तहसील टुण्डरा, रामबाई पति स्व. दरस राम, निवासी ग्राम अमोदी, तहसील टुण्डरा एवं फुलेश्वरी बाई घृतलहरे पति स्व. भुनेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम खैंदा तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के नदी, नहर, बांध, कुंआ, तालाब के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

## 8 लीटर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र. 677/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी का नाम संजय टण्डन पिता दिपक टण्डन उम्र 21 साल साकिन दशरमा रोड भैंसापसरा बलौदाबाजार है। मामला इस प्रकार है कि 7 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी संजय टण्डन पिता दिपक टण्डन उम्र 21 सल साकिन दशरमा रोड भैंसापसरा बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदा बाज़ार भाटापारा छ0ग0 के पास से भारी मात्रा में शराब रखने की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे 45 पाव देशी मदिरा मशाला शराब शीलबंद जुमला 8.100 बल्क लीटर किमती 4950 रूपये एवं एक मोटर सायकल ।स्प्र डिलक्स बिना नंबर किमती 25, 000 रूपये को जप्त किया गया आरोपियो के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपियो को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है उपरोक्त कार्यवाही में प्र आर. 250 उत्तम चतुर्वेदी आर. 279, 839 का विशेष योगदान रहा।

# कृषक मौसम अनुसार करें उर्वरक,दवाइयों का प्रयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 सितंबर।** जिला बलौदाबाजार भाटापारा में अद्यतन खरीफ फसलों की शत प्रतिशत बोवाई का कार्य हो चुका है। रायपुर स्थित कृषि मौसम वेधशाला में दर्ज आंकड़ों के अनुसार इस क्षेत्र में विगत सप्ताह औसतन अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 32.9 डि. से. सामान्य से अधिक तथा 24.3 डि.से. सामान्य के आसपास दर्ज किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग रायपुर द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार छत्तीसगढ़ के अधिकांश स्थानों में मध्यम से घने बादल छाए रहने के साथ-साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जिसे ध्यान में रखते हुए कृषको को फसलो में कृषि कार्य का संपादन करना उचित होगा।

**जिले के लिए मौसम आधारित कृषि सलाहः** जो कृषक धान की खेती कर रहे है तथा धान कन्सा अवस्था में है व खेतो में खरपतवार अधिक है वे दूसरी निदाई का कार्य हाथ से करें। साथ ही नत्रजन की दूसरी मात्रा का छिड़काव टॉप ड्रेसिंग करें जिससे कन्से की स्थिति में सुधार आयेगा। फसल में कीट या खरपतवार होने की स्थिति में दोनों के नियंत्रण के बाद ही यूरिया 40 किलोग्राम हेक्टर का छिटकाव करें। खेतों में 5 से. मी. धान से होने भरा पानी अधिक दें। भरने न पानी अधिक से हैं। होती प्रभावित संख्या की कन्सो में गभोट अवस्था में शीघ्र एवं मध्यम अवधि वाले धान फसल 60-75 दिन के होने पर नत्रजन की तीसरी मात्रा का छिड़काव टॉप ड्रेसिंग यूरिया 40 किलोग्राम / हेक्टर का छिटकाव करें। पोटाश की सिफारिश मात्रा का 25 प्रतिशत भाग फूल निकलने की अवस्था पर टॉप ड्रेसिंग करें से धान के दानों की संख्या एवं वजन में वृद्धि होती है।

धान फसल पर पीला तना छेदक कीट के वयस्क दिखाई देने पर फसल का निरीक्षण कर तना छेदक के अंडा समूह को एकत्र कर नष्ट कर देवें साथ ही डेड हार्ट सूखी पत्ती को खीचकर निकाल देवें। तना छेदक की तितली 1 मोथ प्रति वर्ग मीटर में होने पर फिप्रोनिल 5 एस. सी. 1 लीटर प्रति हे. दर से छिटकाव करें। पत्तीमोइक चितरी की 1 से 2 पत्ती प्रति पौधा होने पर फिप्रोनिल 5 एस. सी. 800 मि.ली. प्रति हे. की दर से छिटकाव करें। मौसम साफ रहने पर कीटनाशक दवाई का छिड़काव करें।

धान की फसल में झुलसा रोग ब्लास्ट के प्रारम्भिक अवस्था में निचली पत्ती हल्के बैगनी रंग के धब्बे पड़ते है, जो धीरे धीरे बढ़कर आँख/नाव के समान बीच में चौड़े एवं किनारों में सकरे हो जाते है, इन धब्बो के बीच का रंग हल्के भूरे रंग का होता है। इसके नियंत्रण के लिए टेबूकोनाजोल 750 मि.ली. प्रति हे. 500 लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करें। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक का कृषको को सलाह है की वे खेतों की सतत निगरनी करें व लक्षण दिखने पर उपर्युक्त रोकथाम का उपाय करें। फल एवं सब्जी के खेतों में जहां पानी भरा हो वहां जल निकास की व्यवस्था करें। कृषक मौसम अनुसार फसलो में उर्वरक एवं दवाई का उपयोग करें जिससे वे संसाधनों का अधिकतम लाभ ले सकते है एवं फसल से अच्छी उपज भी प्राप्त कर सकते है। कृषकगण कृषि सम्बंधित किसी भी प्रकार के समस्या के लिए क्षेत्रीय कृषि अधिकारी कृषि कार्यालय या कृषि विज्ञान केंद्र में संपर्क कर सकते है।

# बिजली बंद से मिल वालों की बढ़ी परेशानी

## दोनों फीडरों में दो माह से लगातार बिजली ट्रिपिंग की आ रही है समस्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 10 सितम्बर।** भाटापारा ग्रामीण के खोखली के सिमरिया के दोनो फीडर में लगभग 2 माह से लगातार बिजली ट्रिपिंग की समस्या आ रही है जिससे खोखली इंडस्ट्रियल एरिया के सिमरिया एक और दो फीडर के समस्त मिलर आर्थिक क्षति का बोझ उठा रहे हैं बिजली विभाग के इंजीनियरों से बात करने पर वह कभी 33 केवी से ट्रीपिंग की और कभी फीडर में ओवरलोड की बातें बात करके अपना पल्ला झाड़ लेते हैं,

इंडस्ट्रियल एरिया में रात पाली में भी कार्य चालू रहता है इसके बावजूद जरोद फीडर और सिमरिया फीडर में रात के कर्मचारी नहीं होते हैं और रात रात को ट्रिपिंग आने या छोटा फाल्ट आने पर भी बिजली रात भर बंद रहती है

जिससे शासन को भी लगातार चुना लगता रहता है इन जगहों पर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा हमेशा लाईनमैनों का अभाव बात कर किनारा कर लिया जाता है जबकि खोकली इंडस्ट्री में कम से कम 150 मिले दिन रात पाली में चलती है जिसके लिए कई बार व्यापारियों द्वारा अलग से स्टाफ और गाड़ी की मांग की जाती रही है मगर हमेशा फंड का अभाव बता करके अपना पल्ला झाड़ लिया जाता है और अधिकारियों के कान जूं नहीं रेंगती है, पिछले दिनों इसी फीडर में रात भर बिजली बंद मुद्दे को लेकर के जरोद् और आस पास के ग्रामीणों द्वारा फीडर को घेर कर ताला लगा दिया गया था जो स्थानीय प्रशासन द्वारा आश्वाशन देकर मामला चलता किया गया लेकिन सुधार के नाम पर जस का तस ही रहा उसके बाद भी किसी भी प्रकार की ट्रिपिंग में कमी नहीं आ रही है पिछले दिनों ही बिजली विभाग ने इन सभी फीडर पर पूरे दिन लाइट बंद करके मेंटेनेंस का कार्य किया था उसके बावजूद भी ट्रिपिंग की समस्या रुक नहीं रही है और उच्च अधिकारियों से व्यापारियों द्वारा समय मांगे जाने पर भी टालमटोल किया जा रहा है बिजली विभाग मनमानी कर रहा है जिसके चलते खोखली इंडस्ट्रियल एरिया के सभी मिलों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है और बिजली विभाग के सभी अधिकारी कुंभकर्णी निद्रा में सोए हैं, हल्के सामानों का उपयोग किया जा रहा है वहीं ओवर लोड हो रहा है जिसके चलते बार बार जंपर कटना, ट्रिपिंग आना की समस्या आ रही है।

मगर सभी मौन है अगर ऐसा हि चलता रहा तो मिल वालो को अगर बिजली की इस तरह परेशानी होती रही तो मिल वालो की नुकसान् की भरपाई कौन करेगा मिल मालिकों ने समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

## बायोमेट्रिक प्रणाली से होगी इस वर्ष धान खरीदी

# 31 अक्टूबर के पूर्व किसानों का पंजीयन अनिवार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** शासन द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना कृषको के लिए अत्यंत लाभदायक योजना है। जिसका लाभ जिले के कई कृषक पिछले दो साल से ले रहे है और समृद्ध हो रहे है। शासन के निर्देशानुसार इस योजना का लाभ लेने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल तैयार किया गया है जिसमे सभी प्रकार के फसलो को सम्मिलित किया गया है जैसे की धान्य फसले, दलहन, तिलहन, साग-सब्जी, फल एवं मसाले वाली फसले इत्यादि। शासन द्वारा धान, मुंग, उड़द, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी फसलो को समर्थन मूल्य में खरीदी के लिए भी कृषक का पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर 2023 निर्धारित की गई है।

योजना के तहत कृषकों द्वारा धान या धान के साथ अन्य फसल लिए जाने पर 9हजार रूपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशी प्रदान की जाती है, और यदि धान के रकबे पर फसल परिवर्तन करते हुए पोर्टल में पंजीकृत अन्य फसल लिया जाता है तो, उसे शासन की ओर से 10 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाता है। इस राशि को प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक है की कृषक पोर्टल में पंजीकृत हो। उप संचालक कृषि दीपक नायक द्वारा बताया गया है की राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 को ध्यान में रखते हुए योजना का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक नवीन पंजीयन हेतु तथा पूर्व में पंजीकृत कृषको को कैरी फॉरवर्ड एवं नवीन, संशोधन हेतु आवश्यक दस्तावेजी (ऋणपुस्तिका, बी-1, आधर कार्ड, पासबुक एवं नॉमिनी का आधार कार्ड) के साथ समितियों में जाकर कार्य को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें। इस वर्ष भी पूर्व में पंजीकृत कृषको को नवीन पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी लेकिन कृषक को अपने परिवार के एक सदस्य को नामिनी घोषित करते हुए नामिनी फार्म भरकर समिति जमा करना होगा ताकि समिति के पंजीयन को कैरी फारवर्ड किया जा सके। विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शिता लाने हेतु बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली लागू की गई है। जिसमें किसान अपना बायोमेट्रिक (अंगूठा लगाकर) धान विक्रय कर सकते हैं। उप संचालक कृषि ने बताया की कृषको को धान विक्रय में कोई असुविधा न इसलिए कृषक स्वयं या अपने नामिनी के द्वारा समिति में उपस्थित होकर धान का विक्रय कर सकता है।

किसान पंजीयन हेतु एकीकृत कृषक पंजीयन पोर्टल पर किसान पंजीयन अवधि के दौरान किसान का एवं उसके एक नामिनी का आधार नं. जमा करना है। नामिनी के रूप में किसान के परिवार के नामित सदस्य (माता, पिता, पति, पत्नी, पुत्र/पुत्री, दामाद / पुत्र वधु, सगा भाई / बहन ) एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को मान्य किया जायेगा। हिस्सेदार / बटाईदार / अधिया रेगहा के तहत फसल उगाने वाले कृषकों के लिये खेत का मालिकाना हक रखने वाले कृषक स्वयं पंजीयन करा सकेगा अथवा संबंधित कृषक का नामिनी के तौर पंजीयन करा सकेगा। यदि किसी कारणवश किसान का अपना नामिनी एवं उसका आधार नं. परिवर्तन करना हो तो उसका अनुमोदन अनुविभागीय अधिकारी (एस डी एम)/तहसीलदार द्वारा किया जा सकता है। यदि किसान द्वारा स्वयं खरीदी केन्द्र में उपस्थित नही हो सकता है तो उसके नामिनी द्वारा खरीदी केन्द्र में उपस्थित होकर बायोमेट्रिक एन्थेटिकेशन के आधार पर धान विक्रय कर सकता है।

यदि उपरोक्त आधार पर आधार विक्रय में कठिनाई आती है तो विश्वासपात्र व्यक्ति (ट्रस्टेड पर्सन) के द्वारा बायोमेट्रिक एन्थेटिकेशन कर धान विक्रय किया जा सकेगा। एक खरीदी केन्द्र में एक से अधिक विश्वासपात्र व्यक्ति (ञ्ल्ह्ह्यह्ल्द्स्र क्ष्ह्ल्ह्यश्ठ्) हो सकते। है, जो उस खरीदी केन्द्र में किसी भी लाभार्थी को उसके पात्रता अनुरूप धान विक्रय करने में सहायता कर सकते है। ट्रस्टेड पर्सन समिति का व्यक्ति नही होगा।

# व्याख्यान माला में बताया कि कैसे रिसर्च शुरू करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 10 सितम्बर।** आई. एस. बी. एम. विश्वविद्यालय नवापारा, कोसमी जिला गरियाबंद में विज्ञान संकाय द्वारा व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया।

व्याख्यान श्रृंखला का विषय बेसिक रिसर्च था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आई एस बी एम विश्वविद्यालय के डॉ पी विश्वनाथन एसोसिएट प्रोफेसर विज्ञान विभाग आई एस बी एम विश्विविद्यालय थे।जिन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने तथा उनको प्रोजेक्ट और रिसर्च से जोड़ने के उद्देश्य से यह व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की गई थी इस व्याख्यान में डॉ विश्वनाथन ने बताया कि प्रारंभिक रिसर्चर को कैसे रिसर्च शुरू करे, किस प्रकार के टॉपिक को सेलेक्ट करे, किस प्रकार से हम रिव्यू करे, रिसर्च को कैसे आगे बढ़ाएं साथ ही रिसर्च में होने वाली परेशानी को कैसे दूर करे रिसर्च को कैसे समाज से जोड़े तथा रिसर्च को हम कैसे समाज के लिए उपयोगी बनाए।अगले व्याख्यान सुनील कुमार साहू सहायक प्रध्यापक गणित विज्ञान विभाग आईएसबीएम विश्वविद्यालय के द्वारा दिया गया। जिसमे उन्होंने बताया की किस प्रकार से रिसर्च पेपर तैयार करे कैसे हम रिसर्च टॉपिक तो खोजे तथा उसे इस प्रकार हम वहा से डाउनलोड करे, किस प्रकार से हम ओपन एक्सेस में पेपर को पढ़ सकते है तथा उसे अपने रिसर्च में उपयोग कर सकते हैं साथ ही रिसर्च पेपर का डी ओ आई नंबर और उसके साथ आईएसएसएन नंबर के बारे में बताया की रिसर्च में उसकी कितनी महता तथा उपयोगिता है।कार्यक्रम के अंत में विज्ञान संकाय के विभाग अध्यक्ष डॉ पूनम वर्मा के द्वारा सभी को आभार व्यक्त किया गया।इस कार्यक्रम में विज्ञान विभाग के समस्त छात्रा-छात्राएं एवं समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# समाचार संक्षेप

## ग्राम सुंदरी में तस्कर से नान स्कैन 90 लीटर विदेशी शराब गोवा जब्त



**बलौदाबाजार, 10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी विकास गोस्वामी मार्गदर्शन में कल रात गुप्त सूचनाओं के आधार पर ग्राम पलारी के सुंदरी में छापेमारी कार्रवाई की गयी। जिस दौरान 25 वर्षीय ओम प्रकाश सायतोड़े के घर एवं बाड़ी से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की गयी। तालाशी के दौरान 05 बड़ी बोरिया (जिसमे से 03पीले रंग की एवम 02सफेद रंग ) प्रत्येक बोरी में भरा 100-100 नग कुल 500नग नॉन स्कैन गोवा विदेशी मदिरा के पाव (कुल मात्रा 90 बल्क ली) जिसे छुपा कर रखा गया था। शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क ) 34(2) 36; 59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना मे लिया गया आरोपी से आगे की पूछताछ की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी डॉ समीर मिश्रा, आबकारी उपनिरीक्षक जैलेश सिंह, मनराखन नेताम, विपिन कुमार पाठक आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, ।मदनलाल ध्रुव, राधा गिरी गोस्वामी, देवीलाल तिवारी नगर सैनिक निकेश्वर वर्मा तथा वाहन चालक अन्नू धीवर का विशेष योगदान रहा।

## उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह बने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



**बलौदाबाजार, 10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 8 सितम्बर को पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं अभिषेक सिंह की पत्नी द्वारा अभिषेक सिंह के कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं दी गई। वर्तमान में अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पद पर तैनात है तथा साथ ही जिले के थाना गिधौरी, कसडोल, लवन, पलारी, गिधपुरी, सिटी कोतवाली, सुहेला, राजादेवरी थानों का पर्यवेक्षण का कार्य भी संपादित कर रहे है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में निरीक्षक सहदेव नेताम, स्टेनो मनीष चौबे, उप निरीक्षक एम पवन बंदे, सउनि एम अश्वनी विशाल, सउनि अश्वनी पडवार, पुलिस कार्यालय के स्टाफ एवं अभिषेक सिंह के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## नाबालिग बालिका को भगाकर किया दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत एक मामले में प्रार्थी ने 7 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया की उसकी 16 वर्षीय नाबालिक बहन 4 जुलाई को घर से बिना बताए कहीं चली गई है आस-पड़ोस व रिश्तेदारों में ढूंढने पर कहीं नहीं मिली की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पीड़िता को बरामद कर आरोपी मनोज राजपूत पिता ओमप्रकाश राजपूत उम्र 18 साल सकीम नगला खिमानी उत्तर प्रदेश को 12 जुलाई को गिरफ्तार कर जेल में निरूद्ध किया गया है। मामले मे आरोपीया काजल राजपूत फरार थी एवं पुलिस से लुक छुप कर रह रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में थाना लवन प्रभारी निरीक्षक केसर पराग द्वारा टीम गठित कर उत्तर प्रदेश रवाना किया गया था। टीम द्वारा आरोपिया की सकुनत पर दबीश देकर गिरफ्तार किया गया एवं उसके कब्जे से एक जोड़ी पायल बरामद किया गया। आरोपिया का ट्रांजिट रिमांड लेकर थाना लवन लाया गया एवं 5 सितम्बर को न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला कोंडागांव (छ.ग.)**

ई-कोर्ट क्र./202309200900003/ अ-2/2022-23

ग्राम- कोण्डागांव प.ह.न.-15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खगेश्वर दीवान, पिता श्री कामदेव दीवान जाति-कलार, निवासी माकड़ी, तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव के द्वारा ग्राम कोण्डागांव में स्थित स्वयं के भूमि खसरा नंबर 527/12 रकबा 0.0190 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 25/09/2023 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव

## अत्याचार पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को राहत पहुंचाना आयोग की प्राथमिकता

# योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित:खाण्डे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 9 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के. पी. खाण्डे ने शुक्रवार को यहां सर्किट हाउस के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं से सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

श्री खण्डे ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग एक संवैधानिक संस्था है। अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ ही इस वर्ग के साथ होने वाले अत्याचार पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को

राहत पहुंचाना आयोग की प्राथमिकताओं में है। आयोग विशेष न्यायालय के रूप में कार्य करती है और आयोग की अनुशंसा को मानने की बाध्यता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ कार्यालयों में भेदभावपूर्वक व्यवहार नहीं होना चाहिए। उन्होंने आयोग गठन का उद्देश्य, संवैधानिक शक्ति व दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पाश्चत खाण्डे ने विभागवार शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों की संख्या और पुलिस विभाग द्वारा अजा वर्ग के प्रताड़ना से संबंधित दर्ज प्रकरण और पीड़ितों को नियमानुसार मुआवजा राशि का वितरण आदि की जानकारी ली। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय स्थापित कर अनुसूचित जाति वर्ग के पीड़ितो को समय पर न्याय दिलाने की बात कही।

आदिवासी विकास विभाग के प्रभारी सहायक आयुक्त लोकेश पटेल ने बताया कि जिले में 37 अनुसूचित जाति प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्रावास व आश्रम संचालित है। वर्ष 2022-23 में पोस्ट मेट्रिक में अनुसूचित जाति वर्ग के 4347 छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधियानियम अंतर्गत जिले में 75308 अजा राशन कार्ड है। अनुसूचित जाति के 21147 लोगो को विभिन्न पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। अंतर्जातीय विवाह योजना अन्तर्गत इस वर्ष 101 प्रकरण में प्रोत्साहन राशि स्वीकृत किया गया है। इसी तरह अन्य विभागों से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर वीसी एक्का आयोग के सचिव बी.एल बंजारे, जनपद सदस्य सिमगा उमा अनंत, ग्राम पंचायत बासीन की सरपंच दशोदा जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।






# खुशहाल किसान बढ़ रहा आत्मसम्मान

न्याय योजनाओं के माध्यम से किसानों, पशुपालकों, वनोपज संग्राहकों और खेतिहर मजदूरों को आर्थिक संबल









**1,60,000**
करोड़ रुपए की मदद

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./36779/60

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23